डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा



वर्ष-12 अंक-09 | प्रयागराज, रविवार 26 फरवरी 2023 से शनिवार 04 मार्च 2023 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः 'कच्चा बादाम' फेम अंजलि अरोड़ा ने लाल घाघरा पहन लगाए ऐसे ठुमके, पेज.नं0-08

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक में बोले ओम बिरला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जनप्रतिनिधियों को नसीहत दी है कि सदन के भीतर तथा बाहर उनका आचरण तथा व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि लोगों का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास बढ़े। उनसे गरिमामय आचरण की अपेक्षा की जाती है, वे विधायी सदनों का स्तर गिरने न दें बिरला ने कहा कि 2001 में सभी दलों के अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचेतकों ने यह तय किया था कि विधानमंडलों



में राज्यपाल व संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कोई गतिरोध उत्पन्न नहीं किया जाएगा, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया, क्योंकि दलगत राजनीति इस संकल्प पर हावी हो गई। बिरला ने हालांकि, उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन के मुख्य बिंदु कानून निर्माण की प्रक्रिया में जनता की भागीदारी पर दो दिनों तक जैसी चर्चा हुई। उससे यह उम्मीद बंधी है कि एक दिन आएगा जब देश में हर सदन सार्थक और सकारात्मक कामकाज के लिए ही जाना जाएगा। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ बैठक के अंतिम दिन लोकसभा स्पीकर ने कहा कि विधायी सदनों में गतिरोध लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं और जनता के मन में इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। बाद में मीडिया से भी बात करते हुए बिरला ने इस पर चिंता जताई कि सदन आरोप-प्रत्यारोप के ठिकाने बन गए हैं, जबकि इन्हें सहमति-असहमति, संवाद-बहस, विचार-विमर्श का केंद्र होना चाहिए। बिरला ने राजनीतिक विमर्श में असंसदीय व्यवहार और अवांछनीय शब्दावली के इस्तेमाल को लोकतंत्र के लिए अशुभ बताया और कहा कि नेताओं की ओर पूरा देश देखता है, वे जो कहते और करते हैं, वह मिसाल बनती है। इस लिहाज से उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। वे समाज को सकारात्मक संदेश देने वाले होने चाहिए। नागरिकों के प्रति जितना दायित्व राज्य और राष्ट्रीय स्तर के सदनों का है, उतना ही स्थानीय निकायों और पंचायतों का भी है।

## कोरोना काल में टीकाकरण से भारत में बचाई गईं 34 लाख से अधिक जिंदगियां अरबों डॉलर का नुकसान रोकने में सफल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कोरोना काल के दौरान सफल टीकाकरण अभियान की वजह



से भारत में 34 लाख से अधिक जिंदगियां बचाने में सफलता मिली। इसके अलावा टीकाकरण और समय-समय उठाए गए अन्य कदमों की वजह से देश को 18.3 अरब डालर के नुकसान से भी बचाया जा सका। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट 'हीलिंग द इकोनमीः एस्टीमेटिंग द इकोनामिक इंपैक्ट आफ इंडियाज वैक्सीनेशन एंड रिलेटेड मेजर्स' में यह तथ्य उजागर किया गया है। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इस रिपोर्ट को जारी किया। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट में पहले लाकडाउन से लेकर टीकाकरण तक और इसके बीच कृषि, एमएसएमई, गरीब, मजदूर व अन्य वर्गों के लिए समय-समय पर जारी पैकेज के प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। भारत में अचानक लागू किए गए कड़े लाकडाउन के ऊपर भले ही विपक्षी दल सवाल उठाते रहे हों, लेकिन स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के अनुसार, अकेले इसकी वजह से मार्च और अप्रैल के बीच एक लाख से अधिक जिंदगियां बचाने में सफलता मिली। इसकी वजह से भारत में कोरोना की पहली लहर 175 दिन में पीक पर पहुंची थी, जबकि रूस, कनाडा, फ्रांस, इटली और जर्मनी जैसे देशों में 50 दिन के भीतर पीक आ गया था। रिपोर्ट के अनुसार, सफल टीकाकरण अभियान सिर्फ जिंदगियां बचाने में ही सफल नहीं रहा, बल्कि इससे भारत 18.3 अरब डॉलर के नुकसान से भी बच गया। यदि टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक नहीं चलता तो भारत को यह नुकसान उठाना पड़ता। रिपोर्ट के अनुसार, टीकाकरण अभियान पर होने वाले खर्च को घटा दें तो भी भारत को इस अभियान से 15.42 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ हुआ। रिपोर्ट में कोरोना काल में मोदी सरकार की हर योजना के आर्थिक प्रभावों का आकलन किया गया है।मनसुख मांडविया के अनुसार, कोरोना के दौरान समग्र सरकार और समग्र जनता की अप्रोच के साथ काम किया गया। समग्र अप्रोच की वजह से टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट, टीकाकरण व कोरोना उचित व्यवहार का पालन सफलतापूर्वक किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित देशों के साथ ही न सिर्फ देश में कोरोना का टीका विकसित करने में सफल रहा, बल्कि उसका बड़े पैमान पर उत्पादन कर 220 करोड़ से अधिक डोज लगाने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि 97 प्रतिशत एक डोज और 90 प्रतिशत से अधिक लोगों को दोनों डोज के साथ ही लगभग 30 प्रतिशत लोगों को सतर्कता डोज के साथ भारत का टीकाकरण अभियान दुनिया में सबसे बड़ा और सबसे सफल कहा जा सकता है।

## पाकिस्तान मदद मांगे तो गेहूं भेज सकता है भारत


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने पाकिस्तान में आर्थिक



अस्थिरता और खाद्यान्न की कमी पर बोलते हुए गुरुवार को कहा कि अगर पाकिस्तान मदद मांगे तो भारत वहां गेहूं की आपूर्ति कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम "सर्वे भवन्तु सुखिनः (सभी सुखी हों) में विश्वास करते हैं।कृष्ण गोपाल ने कहा कि हमें यह जानकर दुख होता है कि पाकिस्तान में गेहूं 250 रुपए किलो बिक रहा है। भारत के पास अतिरिक्त गेहूं है। भारत पाकिस्तान को 25 से 50 लाख टन गेहूं दे सकता है, लेकिन वह मांग नहीं रहा है। फिल्म निर्माता इकबाल दुर्रानी द्वारा दिल्ली में आयोजित सामवेद के फारसी अनुवाद से संबंधित कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल ने कहा कि पाकिस्तान को भारत के प्रति अपनी दुश्मनी का रवैया बदलना होगा। पाकिस्तान मुश्किल में है सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने कहा कि पाकिस्तान, भारत पर हमले की साजिश रचता है, लेकिन अगर वह सच्चे दिल से मदद मांगता है, तो हम मदद करेंगे। महामारी के दौरान देशों को भारत की सहायता के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा भारत ने कोरोना संकट के दौरान दुनिया की मदद की एक सवाल के जवाब में कि क्या भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए, गोपाल ने कहा कि वार्ता तब तक संभव नहीं है जब तक कि पाकिस्तान अपना व्यवहार और रवैया नहीं बदलता है। पाकिस्तान को आतंकियों को प्रशिक्षण देना छोड़ना होगा उन्होंने कहा, 'विभाजन के बाद भारत में रहने वाले मुस्लिम फले-फूले। उनकी आबादी तीन करोड़ से बढ़कर लगभग 14.5 करोड़ हो गई है, लेकिन पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी में भारी कमी आई है।' इस कार्यक्रम में आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार भी मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कहा- जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड 1.82 करोड़ पर्यटक पहुंचे राजनेता भी उठा रहे आनंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में रिकार्ड संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं और वर्ष 2022 में आजादी के बाद सबसे अधिक 1.82 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर पहुंचे हैं। उन्होंने राहुल गांधी



का नाम लिए बिना कटाक्ष किया कि यह बदलाव का ही असर है कि अब राजनेता भी कश्मीर घाटी में मस्ती करते दिख रहे हैं। यहां बता दें कि हाल ही में राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका वाड्रा की गुलमर्ग में स्नो बाइक पर मस्ती करते हुए तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई थी। केंद्रीय मंत्री नई दिल्ली में पूसा में होटल प्रबंधन संस्थान में एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले पर्यटक वहां जाते हुए डरते थे अब राजनेता वहां खेलते और आनंद उठाते दिख रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है और लोगों को वहां जाना चाहिए। कश्मीर भी देश का हिस्सा है। अब हालात इस तरह सुधर गए हैं और ज्यादा लोग वहां जाने को उत्सुक हैं। बता दें कि पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के बाद वहां के हालात में तेजी से बदलाव हुआ और आतंकी घटनाओं में रिकार्ड कमी दर्ज की गइ अधिकारियों के अनुसार, केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार योगदान दे रही है और इस वर्ष बजट में 786 करोड़ के अनुदान की व्यवस्था की गई है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 509 करोड़ रुपये अधिक है। लक्ष्य है कि प्रदेश में पर्यटन एवं उससे जुड़ी सेवाओं में विस्तार किया जाए और अधिक से अधिक लोगों के लिए रोजगार का सृजन हो सके।

## एस जयशंकर ने विदेशी प्रतिनिधियों को जनऔषधि योजना के गिनाए फायदे स्वास्थ्य मंत्री मांडविया भी रहे मौजूद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को जनऔषधि योजना के लाभों से अवगत कराया और प्रस्ताव दिया कि इस पहल को उनके देशों में भी दोहराया जा सकता है जयशंकर ने कहा कि भारत अन्य देशों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की तर्ज में योजनाएं शुरू करने में सहयोग करेगा। दिल्ली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (इ्रँब्झ्) से संबंधित एक सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि यह परियोजना पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समर्थित एक प्रमुख जन कल्याणकारी कार्यक्रम है।उन्होंने कहा कि आम जनता तक दवाइयां पहुंचाने, उनकी लागत घटाने और उपलब्धता सुनिश्चित करने में यह परियोजना बेहद प्रभावी साबित हुई है। ऐसे में भारतीय विदेश मंत्रालय अन्य देशों के साथ अपनी विकास भागीदारियों में इस परियोजना को सम्मिलित



करेगा। जयशंकर ने वादा किया कि भारत ऐसे औषधि केंद्र खोलने में अन्य देशों को सहयोग देगा।सही कीमत में उपलब्ध कराएं दवाई इस सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे। जयशंकर और मांडविया ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीएमबीजेपी पहल के बारे में प्रस्तुतियां दीं। मांडविया ने कहा कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का प्रयास है कि भारतीय फार्मास्यूटिकल्स उद्योग वैश्विक बाजार में अग्रणी भूमिका निभाए और विश्वभर में उचित कीमतों पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निराम्याः' के मंत्र के अनुरूप अधिक से अधिक वैश्विक भलाई के लिए लगातार काम कर रही है। इक्वाडोर ने भारत का जताया आभार इस योजना के बारे में पीएमबीआई के सीईओ ने जानकारी दी। सम्मेलन के बाद प्रतिभागियों ने जनऔषधि आउटलेट का दौरा किया।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विधायी विमर्श की स्थिति पर व्यक्त की चिंता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे चरण के प्रारंभ होने से पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विधायी विमर्श की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सांसदों से आग्रह किया है कि वह सदन में जो भी बोलें, जिम्मेदारी के साथ बोलें। हम इसे अखाड़ा नहीं बनने देंगे। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होने जा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि संविधान ने सांसदों को विशेषाधिकार दिया है, क्योंकि सदन में कही गई किसी बात पर देश के 140 करोड़ लोगों में से कोई भी उनके विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा नहीं कर सकता है। न दीवानी और न ही फौजदारी। इसलिए उन्हें समझना चाहिए कि यह विशेषाधिकार बड़ी जिम्मेदारी के साथ दिया गया है। संसद में प्रत्येक सदस्य को सोच-समझकर और प्रामाणिक तौर पर बोलना चाहिए।

## ईडी ने जोयालुक्कास समूह की 305 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की, हवाला के जरिए पैसा भेजने का मामला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को केरल के प्रमुख आभूषण समूह जोयालुक्कास के मालिक जोयालुक्कास वर्गीज की 305 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की। ईडी ने हवाला के जरिये पैसों के ट्रांसफर से जुड़े एक फेमा मामले में यह कार्रवाई की। जांच एजेंसी ने 22 फरवरी को समूह के त्रिशूर मुख्यालय सहित कई परिसरों में तलाशी ली थी। ईडी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में 81.54 करोड़ रुपये मूल्य की 33 अचल संपत्तियां, जिसमें शोभा सिटी, त्रिशूर में भूमि और आवासीय भवन शामिल हैं। इसके अलावा तीन बैंक खातों में जमा 91.22 लाख रुपये, 5.58 करोड़ रुपये के तीन सावधि जमा और जोयालुक्कास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के 217.81 करोड़ रुपये के शेयर शामिल हैं। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धारा 37ए के तहत कुर्क की गई इन संपत्तियों का कुल मूल्य 305.84 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि यह मामला हवाला (अवैध धन हस्तांतरण) चैनलों के माध्यम से भारत से दुबई में भारी मात्रा में नकदी स्थानांतरित करने और बाद में जोयालुक्कास ज्वैलरी एलएलसी दुबई में निवेश करने से संबंधित है, जोयालुक्कास वर्गीज की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी है। ईडी ने कहा कि तलाशी के दौरान मिले आधिकारिक दस्तावेज और मेल में हवाला लेनदेन में जोयालुक्कास की सक्रिय भागीदारी स्पष्ट रूप से साबित हुई है।




## भाजपा ने मेघालय में कसी कमर प्रदेश प्रमुख ने कहा- सरकार बनने पर देंगे खान-पान में छूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मेघालय।** मेघालय में चुनावी वैतरणी पार करने के लिए भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस ईसाई बहुल प्रदेश में अपने जनाधार को मजबूत बनाने के लिए पार्टी राज्य में गोमांस खाने की अनुमति देने के लिए भी तैयार है। मेघालय भाजपा प्रमुख प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। मेघालय भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मेघालय में अगली सरकार बनाने के लिए पार्टी कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के साथ नहीं जाएगी। भाजपा नेता ने आगे कहा कि अगर हमें बहुमत मिलेगा, हम तभी सरकार बनाएंगे। मेघालय में बुनियादी ढांचे, अच्छे अस्पतालों,



अर्नेस्ट मावरी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो पार्टी गोमांस पर प्रतिबंध नहीं लगाएगी। भाजपा नेता ने राज्य के लिए पार्टी के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी मेघालय में गोमांस के सेवन पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि यहां कई लोग सुअर, गोमांस, चिकन और मछली खाते हैं। इससे पार्टी को कोई समस्या नहीं है। इस बारे में कोई इंजीनियरिंग कॉलेजों और अच्छे हवाई अड्डों का अभाव है। बेरोजगारी दर भी काफी अधिक है। भाजपा सबसे पहले इन चीजों को ठीक करेगी। पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में लोगों से इसका वादा किया है। बता दें कि इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शुक्रवार को मेघालय का दौरा किया और शिलांग में रैली और रोड शो किया। मालूम हो कि मेघालय में नागालैंड के साथ 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव होंगे। वहीं, 2 मार्च को परिणाम घोषित होंगे।

## एसी ने सीएए मामले में असम के विधायक को गिरफ्तारी से दी राहत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई को सीएए विरोधी प्रदर्शनों और संदिग्ध माओवादी लिंक से संबंधित एक मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की है। साथ ही गोगोई की अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने दलीलें पेश कीं। जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यन और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने सुनवाई के बाद मंगलवार को आदेश दिया। याचिकाकर्ता गोगोई को 14 दिसंबर 2019 को गुवाहाटी में



याचिका पर जांच एजेंसी एनआइए से जवाब मांगा है। विधायक नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर रहे हैं उन्होंने गुवाहटी उच्च न्यायालय के 9 फरवरी के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया, जिसमें दो मामलों में से एक में असम में विशेष एनआइए अदालत को आरोप तय करने के लिए आगे बढ़ने की अनुमति दी गई थी। विधायक की ओर से पेश वरिष्ठ एनआइए की दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तारी से बचाया जाएगा। इससे पहले हाई कोर्ट ने एनआइए को गोगोई और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ विशेष अदालत में सीएए विरोधी प्रदर्शनों और संदिग्ध माओवादी लिंक के संबंध में आरोप तय करने की अनुमति दी थी। हाई कोर्ट का आदेश एनआइए की एक अपील पर आया था, जिसमें चारों को क्लीनचिट देने वाली विशेष एनआइए कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## डिजिटल भुगतान से ट्रांजैक्शन हुआ आसान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 समूह के माध्यम से भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को दुनिया के साथ साझा करने की पेशकश की। शुक्रवार को जी-20 समूह के वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यूपीआई कई अन्य देशों के लिए आदर्श साबित हो सकती है। जी-20 समूह के देशों को मोदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की सक्रियता से वे प्रेरणा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उपभोक्ता और उत्पादक दोनों ही आशावादी है और उन्हें अपने भविष्य को लेकर भरोसा है। उन्होंने जी-20 देशों से कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि वे भारत की तरह ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में सकारात्मकता का संचार करेंगे। मोदी ने कहा वित्तीय क्षेत्र में तकनीक का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। कोरोना काल में डिजिटल भुगतान की मदद से ट्रांजैक्शन करना आसान हो गया। इस दिशा में भारत का अपना अनुभव दुनिया के लिए एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में हमने काफी भरोसेमंद और अति क्षमतावाना सार्वजनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास किया है जिसके उपयोग पर कोई शुल्क नहीं देना होता है। इससे वित्तीय समावेश के साथ जिंदगी जीना आसान हो गया है और हमें अपने इस अनुभव को जी-20 के माध्यम से दुनिया से साझा करने में खुशी होगी। प्रधानमंत्री ने जी-20 समूह से कहा कि चुनौतियों से जूझ रही वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता, विश्वास व विकास को वापस लाने की जिम्मेदारी उनके ऊपर है। अब भी दुनिया के कई विकासशील देश कोरोना महामारी की विपदा से बाहर नहीं निकल पाए हैं। भू-राजनीतिक तनाव की वजह से वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित है और कई देश बढ़ती महंगाई से परेशान है। वहीं, पूरी दुनिया में खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना चिंता का विषय बन गया है।



## काशी की तरह मथुरा-वृंदावन में भी शुरू होगा जल परिवहन, केंद्र सरकार कराएगी यमुना का सर्वे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**जलमार्ग को फिर से परिवहन का मजबूत माध्यम बनाने में केंद्र सरकार जुटी है। 111 नए जलमार्ग चिन्हित कर चुकी सरकार धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को इनके सहारे बढ़ाना चाहती है। काशी में में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। काशी का कायाकल्प हो चुका है। वृंदावन में भी कारीडोर बनाने की तैयारी है। ऐसे में इन तीनों सहित अन्य धार्मिक स्थलों को जलमार्ग से जोड़कर सरकिट बनाने की संभावनाओं को तलाशने के लिए भी



क्रूज और छोटे जलयान का संचालन शुरू किया जा चुका है और प्रयासों की यह धारा मथुरा-वृंदावन और अयोध्या की ओर भी हिलोरें मारती नजर आ रही है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि यह वेसल कहां-कहां चलेंगे, यह राज्य सरकार को तय करना है। हालांकि, इनके संचालन के लिए प्राथमिकता पर वाराणसी ही है। सोनोवाल का कहना है कि अयोध्या में प्रवाहित हो रही सरयू नदी में काफी गहराई है। वहां बड़े जलयान भी चलाए जाने की पूरी क्षमता है। हालांकि, अभी सर्वे आदि का काम शुरू करने का कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। इसके अलावा अयोध्या मंत्रालय विशेषज्ञों से अध्ययन कराएगा। क्रूज की यात्रा 20 फरवरी को हो सकती है पूरी मंत्री सोनोवाल का कहना है कि देश में बड़े स्तर पर जलमार्ग विकसित करने का विजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। उनके संसदीय क्षेत्र काशी से जब गंगा विलास क्रूज को डिब्रूगढ़ के लिए रवाना किया जा रहा था तो तमाम लोग सवाल खड़े कर रहे थे कि गंगा सहित इस रूट में पड़ने वाली कई नदियों में पानी इतना नहीं है, तो क्रूज कैसे चल पाएगा। अब चूंकि क्रूज की यात्रा 28 फरवरी को पूरी होने जा रही है, तो इसमें कोई संशय नहीं रह गया है कि सरकार जल परिवहन को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य को जरूर पूरा करेगी।

# थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मुखबिर की सूचना पर थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा थाना शंकरगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 129/2022 धारा 147,148,149,324,352,506,34,307 भादंवि0 में वांछित 03 अभियुक्त 1.बृजेश उर्फ विदेश पुत्र तोते निवासी वार्ड नं0 02 रावण टोला कस्बा व थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज 2.राजा बाबू पुत्र तोते निवासी वार्ड नं0 02 रावण टोला कस्बा व थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज व 3.देशराज पुत्र तोते निवासी वार्ड नंबर 02 रावण टोला कस्बा व थाना शंकरगढ़ प्रयागराज को ज्योती गेस्ट हाऊस रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1. बृजेश उर्फ विदेश पुत्र तोते निवासी वार्ड नं0 02 रावण टोला कस्बा व थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज, उम्र 20 वर्ष 2. राजा बाबू पुत्र तोते निवासी वार्ड नं0 02 रावण टोला कस्बा व थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज, उम्र 23 वर्ष 3. देशराज पुत्र तोते निवासी वार्ड नंबर 02 रावण टोला कस्बा व थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज, उम्र 21 वर्ष **सम्बन्धित अभियोग-** मु0अ0सं0 129/2022 धारा 147, 148, 149, 324, 352, 506, 34, 307 भादंवि0 थाना शंकरगढ़ प्रयागराज **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 ऋतुराज सिंह थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज 2. आरक्षी दीप कुमार, आरक्षी प्रदीप यादव थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज।




# प्रयागराज में डीजल से चलने वाली सिटी बसों का संचालन पूरी तरह से ठप हो गया है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसका असर अब ई-बसों पर पड़ने लगा है। लोग अब ई-बसों के इंतजार में रहते हैं। सोमवार और मंगलवार को लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल, फिटनेस न होने की वजह से इन बसों के संचालन पर परिवहन विभाग की ओर से रोक लगा दी गई है। यह बसें शहर के अलग अलग रूटों पर संचालित हो रही थीं। इससे नैनी, झूंसी और फाफामऊ की ओर जाने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। कोई टेंपो का सहारा लेता देखा तो अन्य साधनों से निकला। बताते हैं कि 120 डीजल बसों का संचालन शहर में हो रहा था। 2022 में 27 बसें खराब हो गई थीं और 20 बसें कई वर्षों में आगजनी से खराब हो गई थीं। इसी तरह इस माह 62 बसों का संचालन इस लिए रोक दिया गया क्योंकि इनकी फिटनेस नहीं हुई। आंदोलन की राह पर संविदाकर्मी : वहीं, इन बसों के संचालन बंद होने से रोडवेज के संविदाकर्मी आंदोलन की राह पर निकल पड़े हैं। 16 फरवरी से ही वह झूंसी स्थित रोडवेज वर्कशॉप परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। अभी डीजल से संचालित होने वाली 24 बसें चलनी थी लेकिन उसके चालक और परिचालक भी समर्थन में अनशन पर बैठ गए। यही कारण रहा है कि सभी डीजल वाली सिटी बसें पूरी तरह से बंद हो गई हैं। प्रयागराज सिटी बस ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सेवा प्रबंधक मुकेश कुमार कहते हैं कि जिन बसों के फिटनेस नहीं हो पाए हैं उनकी प्रक्रिया चल रही है।



# शिक्षक संकुल टिकरी कला की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय छीडी, मे पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार सम्पन्न हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**सर्वप्रथम सरस्वती पूजन और माल्यार्पण के पश्चात शिक्षण योजना, शिक्षक डायरी ,योजना प्रस्तुतीकरण, छात्र नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति, निपुण लक्ष्य कार्य योजना, ट्रैकर, शिक्षण कार्य में इनबिल्ट ब्लूटूथ स्पीकर, रीड अलोंग तथा दीक्षा का प्रयोग, पुस्तकालय का संचालन एवं नोडल शिक्षक की नियुक्ति, विद्यालय कार्य विभाजन एवं टी एल एम का प्रयोग, विज्ञान एवं गणित किट के प्रयोग तथा विद्यालय संबंधी अन्य भौतिक व शैक्षिक बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक मे अमोघ चंद्र मिश्र, रामविजय विश्वकर्मा, संजय चौरसिया, अंजू चौरसिया, चंद्र प्रकाश सिंह, प्रमोद पाठक, गोमती प्रसाद,मनीता जायसवाल, प्रतिमा वर्मा, सरिता गुप्ता, जागृति कुशवाहा, रीता विश्वकर्मा, निहारिका मिश्रा, ममता पांडेय, वसीम अहमद, सुरेंद्र मिश्र ,सोनू सिंह,श्रुति श्रीवास्तव, शिवनरेश पाल ,दूधनाथ यादव, ललिता गौतम ,विजयशंकर तिवारी, अविनाश मिश्र ,वंदना त्रिपाठी ,सोनिया, किरणलता,देवेंद्र, श्यामधर, निशा, उर्मिला देवी ,सुनीता भारतीय, रविंद्र सिंह ,कैमोद, शलाका,रिचा,किरण, हिना,वंदना,अनिता शर्मा, ज्ञानभारती, नम्रता,अशोक त्रिपाठी कनीज फातमा, रिजवाना संध्या ,विकास तथा अनेक अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संजू लता इं. प्र.अ. प्राथमिक विद्यालय छीड़ी द्वारा किया गया।



# जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संपन्न करायी जा रही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को नकल विहीन एव शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मेरी वानामेकर इंटर कॉलेज, भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज, श्री रणजीत पंडित इंटर कॉलेज नैनी, श्री राधारमण महिला इंटर कॉलेज नैनी , केदार नाथ जायसवाल इंटर कॉलेज नैनी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केदार नाथ जायसवाल इंटर कॉलेज नैनी में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रकाश की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए । परीक्षा केंद्रों पर बने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा की क्रियाशीलता एवं कंट्रोल रूम, परीक्षार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते या कराते हुए पकड़ा जाएगा तो परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित केन्द्र को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम के डबल लॉक को खुलवा कर प्रश्नपत्रों के पैकेटों की सील व टेम्परिग का परीक्षण भी किया। स्टैटिक मैजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए हैं कि स्वयं की उपस्थिति में ही स्ट्रॉन्गारूम के डबल लॉक को खुलवाए।



# पुलिस चौकी के पास पकड़ा गया हुक्काबार 4 गिरफ्तार, चौकी प्रभारी सस्पेंड थाना प्रभारी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** शहर में रेस्टोरेंट की आड़ में तेजी से चल रहे हुक्काबार में नशे के आगोश में युवा तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में पुलिस भी इस शातिर हुक्का बार संचालकों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी के तहत प्रयागराज में डीसीपी नगर ने गोपनीय तरीके से रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे नशे के कारोबार के खेल का भंडाफोड़ करते हुए राजरूपपुर पुलिस चौकी के पास हुक्काबार को पकड़ा है। पुलिस ने मौके पर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन संचालक चकमा देकर फरार हो गया। इस पूरे मामले में चौकी प्रभारी को सस्पेंड करते हुए धूमनगंज थाना प्रभारी से जवाब भी मांगा गया है। 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया धूमनगंज के राजरूपपुर क्षेत्र में हुक्काबार के चलने की जानकारी काफी दिनों से सुर्खियों में बनी हुई थी। जिसके बाद डीसीपी नगर आईपीएस दीपक भूकर ने मामले को गंभीरता से लिया। इसी बीच राजरूपपुर चौकी के पास हुक्काबार संचालित होने की जानकारी मिली। एडीसीपी नगर सरवणन टी को गोपनीय ढंग से मौके पर भेजकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। देर रात 8 बजे एडीसीपी मौके पर पहुंचे। जहां केजीएफ नाम से हुक्काबार धड़ल्ले से चल रहा था। पुलिस ने वहां मौजूद 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें शहबाज, फरहान, अदनान, वंश मल्होत्रा शामिल हैं। जांच में जानकारी मिली कि संचालक गुफरान मौके से भाग निकला है। थाना पुलिस को भी नहीं लगी भनक दरअसल इस छापेमारी की कार्रवाई को इतना ज्यादा गोपनीय रखा गया कि इसकी सूचना धूमनगंज थाना पुलिस को भी नहीं थी। 4 लोगों के गिरफ्तार होने की सूचना मिलने के बाद ही धूमनगंज थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मी चारों गिरफ्तार आरोपियों व बरामद हुक्का और अन्य सामान को थाने पर लेकर आए। क्षेत्राधिकारी धूमनगंज एनएन सिंह की ओर से भी कार्रवाई का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद चौकी प्रभारी की ओर से लापरवाही बरती गई। इन्हें किया सस्पेंड डीसीपी नगर दीपक भूकर के मुताबिक पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही मौके से 13 हुक्का, पाइप व भारी मात्रा में फ्लेवर व अन्य सामान बरामद हुआ है। प्रथमदृष्टया लापरवाही की बात सामने आने पर चौकी प्रभारी महेश मिश्रा को सस्पेंड किया गया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य को स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देशित किया गया है।




# राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूरे सिस्टम को तानाशाही में बदले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** समाजवादी नेता विरोधी दल अखिलेश यादव भाजपा सरकार ने पूरे सिस्टम को तानाशाही में बदल दिया है। जनता के मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन, आवाज उठाना विपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार है। उसकी कवरेज करना मीडिया और पत्रकारों का दायित्व है। मीडिया बन्धु विधान भवन पर आज जब विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान अपने दायित्वों का निवर्हन कर रहे थे, मीडिया कर्मियों के साथ मारपीट और अभद्रता की गई जो लोकतंत्र में निन्दनीय है। मीडिया कर्मियों के कैमरे तोड़े गए तथा उन्हें लातघूंसे मारे गए। क्या यही भाजपा का लोकतंत्र है। भाजपा लोकतंत्र को नहीं मानती है। वह जनता व मीडिया के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। भाजपा सरकार अपनी कमियां देखना और सुनना नहीं चाहती है। श्री अखिलेश यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री जी दूसरे प्रदेश से आए हैं वे उत्तर प्रदेश की जनता का दुःख दर्द नहीं समझते हैं। भाजपा सरकार ने बहुत सपने दिखाए लेकिन इन्वेस्टर्स समिट से प्रदेश को कुछ नहीं मिलने वाला है। बुलडोजर वाली सरकार से ऐसी उम्मीद भी नहीं करनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसान, नौजवान और व्यापारी को बर्बाद कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है।

# हन्डौर में उर्स और कौमी एकजहती मुशायरा 21 फरवरी को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**भारत-भारतीय का कौमी एकजहती मुशायरा व उर्स मद्दी शहीद बाबा की मजार पर हन्डौर में21फरवरी,दिन- मंगलवार,समय-10-30 बजे प्रातः से आयोजित किया गया है। मुशायरे के कनविनर मो0अमीन कल्लू ने बताया कि ग्राम प्रधान नीतेश सिंह बीरू की सदारत में होने वाले मुशायरे में डॉ0रणजीत सिंह,दिलशाद राही रायबरेली, अतीक प्रतापगढी, जाहिद अन्सारी,आलिम समर रायबरेली,हस्सान सागर आदि शायर अपना कलाम पेश करेंगे।मुख्य अतिथि पूर्व प्रवक्ता एवं एस0पी0पी0इंटर कॉलेज पूरे झाऊ के अध्यक्ष शिव प्रसाद पाण्डेय होंगे तथा विशिष्ट अतिथि मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट के जिला महासचिव अमीन सिद्दीकी होंगे।

# ड्यूटी के दौरान गुम थे 528 पुलिसकर्मी, अब नई तैनाती



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**प्रयागराज कमिश्नरेट में गुम हुए बेकाम पुलिसकर्मियों की सूची भी तैयार हुई है। इसमें बड़ी संख्या में सिपाही हैं। कुल 528 पुलिसकर्मी हैं जो ड्यूटी के दौरान गुम थे। यानि कई सालों से उनकी पोस्टिंग पुलिस लाइन से लेकर अन्य सेल, विंग, वीवीआईपी और लेखा कार्यालय में लगी, लेकिन उनके पास कोई काम नहीं था। कई कार्यालय में अतिरिक्त होने के बाद भी वह पड़े रहे। कमिश्नरेट बनने के बाद गुम इन पुलिसकर्मियों की खोज की गई। विभागों की जरूरत, आमद चेक करने के बाद ऐसे पुलिसवालों को खंगाला गया जो खाली थे। अब पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा इन पुलिसकर्मियों को सीधे थानों में पोस्ट कर रहे हैं। जो शहर में रहकर मलाई काट रहे थे उन्हें दूरदराज के थानों में भेजा जा रहा है।

# कमिश्नरेट के यमुनानगर इलाके में स्थित सेंट्रल जेल नैनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**कमिश्नरेट के यमुनानगर इलाके में स्थित सेंट्रल जेल नैनी में रविवार को जम्मू कश्मीर के तीन खुंखार आतंकियों को हाई सिक्योरिटी में बेहद गोपनीय तरीके से दाखिल कराया गया है। तीनों को जम्मू एंड कश्मीर पुलिस की बस में भारी सुरक्षा के बीच 19 जनवरी की देर रात लाया गया। पहले से भी जम्मू कश्मीर के लगभग दो दर्जन खूंखार अपराधी नैनी जेल में बंद हैं। रविवार को लाए गए तीनों आतंकियों को हाई सिक्योरिटी बैरक के स्पेशल सेल में कड़ी निगरानी में रखा गया है। जम्मू कश्मीर पुलिस की बस से भारी सुरक्षा के बीच तीन खूंखार अपराधियों को सेंट्रल जेल नैनी में दाखिल किया गया। रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से सभी को जे एंड के पुलिस भारी सुरक्षा के बीच प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल ले आई। तीनों को दाखिल करने के बाद देर रात ही टीम वापस कश्मीर रवाना हो गई। सभी को कश्मीर में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने व उपद्रव करने के लिए पब्लिक सेफ्टी एक्ट (पीएसए) के तहत यहां भेजा गया है। ट्रांसफर का कार्य पूर्णतया रुटीन है : जेल ट्रांसफर का यह रूटीन कार्य है। यहां पहले से भी देश के विभिन्न राज्यों के कैदियों को लाया जाता रहा है। इससे पहले भी जम्मू कश्मीर पुलिस 44 कैदियों को नैनी सेंट्रल जेल में शिफ्ट कर चुकी है। सिक्योरिटी के लिहाज से नैनी सेंट्रल जेल को काफी महफूज माना जाता है। सभी को हाईसिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। खूंखार अपराधियों की 24 घंटे होती है निगरानी : इसलिए यहां पर खूंखार अपराधियों को हाई सिक्योरिटी बैरक में 24 घंटे की निगरानी में रखी जाती है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि जम्मू कश्मीर पुलिस ने पीसीए के तहत तीन लोगों को यहां दाखिल कराया हैं। सिक्योरिटी रीजन के कारण तीनों का नाम डिस्क्लोज करना उचित नहीं है।







# जेलर गिरीश कुमार ने संस्था का उनकी इस पहल के लिए धन्यवाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।**ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम लखनऊ की अयोध्या यूनिट की तरफ़ से जिला कारागार अयोध्या में क़ैदियों में स्वछता को लेकर एक नहाने वाला साबुन ,एक कपड़े धोने वाला साबुन ,एक दंतमंजन और एक एक दांत साफ करने वाला ब्रश वितरित किया गया । जेलर गिरीश कुमार ने संस्था का उनकी इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम विगत कई वर्षों से मानवता की सेवा में कार्यरत संस्था है और समाज में एकता और भाईचारे के उद्देश्य को पुरा करने के लिए लगातार प्रयासरत रहती है, मैं इस संस्था की कार्यशैली से काफी प्रभावित हूं क्योंकि ये संस्था समाज में ऊंच नीच जात पात और धर्म का फर्क किए बिना सिर्फ मानवता की सेवा करती रहती है । आज इस तरह के काम करने वाली संस्थायें बहुत कम हैं हमें एक बेहतर समाज के लिए इस तरह की संस्थाओं का हौसला भी बढ़ाना चाहिए । इससे हमारा देश और समाज दोनों उन्नति के शिखर पर पहुंच जायेंगे । वहीं इस मौके पर संस्था की तरफ़ से संबोधित करते हुए मौलाना आसिम नदवी ने कहा कि एक बेहतर समाज बनाने के लिए हम सबको आपस में प्यार और भाईचारे के साथ मिलकर काम करना होगा । जो इस वक्त हमारे समाज के लिए बहुत ही आवश्यक है साथ ही उन्होंने कहा कि जो इंसान किसी दूसरे इंसान का दर्द महसूस नहीं करता है वो इंसान ही कहलाने के लायक नहीं है। इस मौके पर संस्था के कोऑर्डिनेटर शफीक़ चौधरी ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया भी किया । इस मौके पर सय्यद मुज़फ्फरुल हक़ , सय्यद अक़ील और खालिद के साथ ही संस्था की पुरी टीम मौजूद रही ।



# समाजवादी पार्टी से बाहर की जाने वाली नेता ऋचा सिंह ने अब चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग कर दी है।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी से बाहर निकाली गई नेता ऋचा सिंह ने अब पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग कर दी है। समाजवादी पार्टी की कार्रवाई को उन्होंने तानाशाही और और अलोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत लिया गया फैसला करार दिया है। उन्होंने कहा कि मैं इलाहाबाद यूनिवर्सिटी पहली महिला छात्रसंघ अध्यक्ष हूं। मैंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी पेश की थी। 16 फरवरी 2023 को पार्टी ने मुझे अचानक बाहर निकाल दिया। इसकी सूचना मुझे पार्टी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से मिली। इस मामले को लेकर मुझे पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई। कारण बताओ नोटिस भी जारी नहीं किया गया। यह पूरा मामला अलोकतांत्रिक प्रक्रिया के दायरे में आता है।उन्होंने अपने खिलाफ पार्टी की ओर से हुई कार्रवाई को नियमों के खिलाफ करार दिया है। उन्होंने पार्टी की कार्रवाई को प्राकृतिक न्याय के खिलाफ लिया गया फैसला करार दिया है। ऋचा सिंह ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को अपने नेता के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना चाहिए। इसे प्राकृतिक न्याय के दायरे में माना जाता है। नेचुरल जस्टिस के तहत समाजवादी पार्टी को मुझे पहले कारण बताओ नोटिस जारी करना चाहिए था। इसके बाद मुझे अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाना चाहिए। ऐसा कुछ भी नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी ने न तो मुझे स्पष्टीकरण देने का मौका दिया और न ही निष्कासन का कारण बताया।



**पार्टी के निर्णय पर उठाया है सवाल :** ऋचा सिंह ने कहा कि पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र और प्राकृतिक न्याय मेरे खिलाफ कार्रवाई में नहीं दिखता है। पार्टी ने मुझ पर कार्रवाई से पहले कोई चेतावनी नहीं जारी की। यह समाजवादी पार्टी के संविधान के आर्टिकल 30 का उल्लंघन है। यह कार्रवाई पार्टी की आंतरिक लोकतंत्र और प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे गए पत्र में समाजवादी पार्टी के खिलाफ इस कार्रवाई को राजनीतिक दलों के लिए बनाए गए नियम और प्रावधानों के आधार पर कार्रवाई की मांग की है।

**सपा ने पार्टी से निकालने का सुनाया है फरमान :** समाजवादी पार्टी ने ऋचा सिंह और रोली तिवारी मिश्रा को पार्टी से निकालने का आदेश जारी किया था। इन दोनों नेताओं पर स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोलने का आरोप लगा। हालांकि, दोनों नेताओं को बिना अपना पक्ष रखने पार्टी की ओर से निष्कासन की कार्रवाई पर अब सवाल उठाए जाने लगे हैं। ऋचा सिंह ने करारा हमला बोला है।

# लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा सेंट्रल जेल नैनी में नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा सेंट्रल जेल नैनी प्रयागराज में कैदियों की नेत्र की जांच करने के बाद लगभग 150 चश्मे का वितरण किया गया । जिसमें महिला और पुरुष दोनों प्रकार के कैदी शामिल थे । क्लब के सदस्य एवं प्रयागराज के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संगम लाल विश्वकर्मा तथा उनकी टीम द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चश्मे का वितरण तथा रोगियों को नेत्र से संबंधित उचित सलाह दी गई। लायंस क्लब के





अध्यक्ष नागेंद्र सिंह इस पुनीत सेवा कार्य की सफलता के लिए क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया । तथा जेल के अंदर इस सेवा को मूर्त रूप देने में सहयोग करने के लिए जेल सुपरिटेंडेंट श्री शशिकांत सिंह को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य रूप से डॉ.आर. के. सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. वी. के. मिश्रा, डॉ. संजय तिवारी, हिमांशु गुप्ता , डी.एस. मिश्रा, डॉ. राकेश पासवान, माला मिश्रा, महेश केसरवानी इत्यादि लोग समर्पित रूप से अपनी सहभागिता दी ।

# ममता चैरिटेबल ट्रस्ट जनता को निरोग करने के लिए आज एक भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ ।** ममता का पर्याय और



नर सेवा नारायण सेवा को अपना उद्देश्य मानकर दिन रात असहायों और गरीबों की सेवा करने वाली ममता चैरिटेबल ट्रस्ट जनता को निरोग करने के लिए आज एक भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन करहेटा में किया जिसका शुभारंभ श्री स्वतंत्रदेव सिंह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, पूर्व विधायक श्री सुरेश तिवारी एवं श्री राजीव मिश्रा मुख्य ट्रस्टी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के कर कमलों द्वारा किया गया त् सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया त् कार्यक्रम में पधारे सभी मीडिया कर्मियों का भी सम्मान किया गयात् स्वास्थ्य मेले में 2465 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया त् मेले में केजीएमसी, पीजीआई एवं बलरामपुर के विख्यात चिकित्सकों द्वारा जनता का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें 15 दिन की निःशुल्क औषधि वितरित की गई त् स्वास्थ्य मेले में स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु एक संगोष्ठी की जिसमे महिलाओं में गर्भाशय में होने वाले कैंसर,ब्रेस्ट कैंसर से बचाव और उपचार, महिलाओं में 5 साल में एक बार जांच आदि को जरूरी बताया स्वास्थ्य मेले में सर्जरी विभाग के डॉक्टर, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ आदि ने जनता का स्वास्थ्य परीक्षण किया त् मेले में 10 विकलांगों को ट्राई साइकिल,10 बैसाखी एवं महिलाओं को 855 किट,655 टूथपेस्ट एवं ब्रश वितरित की गई एवं 700 लोगों की जांच की गई त् कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक गणेश कनौजिया, मुख्य संरक्षक श्री विपिन मिश्रा,उमाशंकर गौरव पांडे, अंकित, शिवम तुषार मुख्य रूप से उपस्थित रहे यह जानकारी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी देवाशीष देव द्वारा दी गई।

# सांस की नली से प्लास्टिक का टुकड़ा निकाल कर बच्चे की जान बचाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ ।** रुद्रांश एक 8 साल का बच्चा उखड़ती सास के साथ वेलसन मेडिसिटी हॉस्पिटल में 19/02/2023 में रात के 2 बजे आया जो गोरखपुर के कई हॉस्पिटल से रेफर कर दिया गया था। परिवार के अनुसार बच्चे ने प्लास्टिक का टुकड़ा निगल लिया था, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी, वेलसन मेडिसिटी हॉस्पिटल के वरिष्ट ई.एन.टी सर्जन डॉ. फिरोज अहमद ने बच्चे को तत्काल ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट करवा के बच्चे का ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से सास की नली से प्लास्टिक का टुकड़ा निकाल कर बच्चे की जान बचाई। आज 21/02/2023 को बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है। परिवार ने अस्पताल और डॉक्टर का आभार व्यक्त किया।

# परिवहन विभाग की तरफ से चलेगा विशेष अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**में परिवहन विभाग की तरफ से चलेगा विशेष अभियान-हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर 10,000 जुर्माना, यह नंबर प्लेट



तभी मिलेगा जब गाड़ी के सभी कागजात सही होंगे। इसके लिए चार टीमें भी गठित कर दी गई हैं। दो दिन के अभियान में करीब 40 वाहनों का चालान काटा गया और उनसे जुर्माना भी वसूला गया। आज से और सख्ती बरती जाएगी। शहर के चौराहों पर टीम हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की जांच करेगी और यह प्लेट न होने की दशा में पहली बार 5,000 रुपए जुर्माना लिया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर यह जुर्माना दोगुनी करते हुए 10,000 रुपए वसूले जाएंगे। 9 लाख वाहनों पर नहीं लगे हैं यह नंबर प्लेट राजीव चतुर्वेदी बताते हैं कि प्रयागराज में 14.67 लाख वाहन हैं। सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए 30 नवंबर तक की तारीख निर्धारित की गई थी। बाद में यह तारीख बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी अभी बड़ी संख्या में लोगों ने यह नंबर प्लेट अपने वाहनों पर नहीं लगवाया है।अभी तक 5.30 लाख वाहनों पर ही यह प्लेट्स लगाई गई है। बाकी 9 लाख से ज्यादा वाहनों पर यह हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे हैं। ऐसे वाहनों को चिह्नित किया जाएगा और उनसे 5,000 से 10,000 रुपए तक का जुर्माना लिया जाएगा। राजीव चतुर्वेदी ने कहा, कि हर हाल में यह नंबर प्लेट लगवाना ही होगा।

# अस्पतालों में वायरल फीवर और टाइफाइड के मरीज बढ़े, अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन के लिये लम्बी लगी लाइन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। दिन में गर्मी होने से लोग हल्के कपड़े पहनकर घर से निकल रहे हैं और शाम होते ही ठंड का असर शुरू हो जाता है। यही कारण है कि लोग सर्दी जुकाम और बुखार से ग्रसित हो रहे हैं। हर घर में वायरल फीवर, जुकाम और



टाइफाइड जैसी बीमारियों की दस्तक हो चुकी है। अस्पतालों में सबसे ज्यादा भीड़ फिजीशियन की में हो रही है। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, मोतीलाल लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल, तेज बहादुर सप्रू अस्पताल में भीड़ सबसे ज्यादा हो रही है। वहीं, बच्चे भी इसे अछूते नहीं हैं। सरोजनी नायडू चिल्ड्रन हॉस्पिटल में भी बीमार बच्चे पहुंच रहे हैं। 100 में 30 मरीज वायरल फीवर से परेशान : मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (काल्विन) के सीनियर फिजिशियन डॉ. केके मिश्रा कहते हैं कि करीब 15 दिनों से ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी है। यहां 100 में लगभग 30 मरीज मौसम में हो रहे बदलाव के चलते वायरल फीवर से पीड़ित होकर पहुंच रहा है। ऐसे मरीजों को ज्यादा जांच कराने के बजाय दवा देकर लापरवाही न बरतने की सलाह दी जाती है। डॉ. मिश्रा कहते हैं कि ठंड अभी पूरी तरह से नहीं गई है इसलिए यह ध्यान देना होगा कि घर से निकलते समय गर्म कपड़े जरूर पहनें। ठंड और गर्मी के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। बच्चों को भी विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि वह जल्दी ही बीमार हो जाते हैं। अस्थमा के मरीजों को इस मौसम में ज्यादा खतरा : डॉ. केके मिश्रा बताते हैं कि साल में तीन बार ऐसा होता है जब मौसम में बदलाव होता है। इसमें किस तरह से बच कर रहना है यह लोग भूल जाते हैं। बस इसी लापरवाही से वह बीमार पड़ जाते हैं। सांस फूलने की बीमारी भी ज्यादा देखी जाती है। अस्थमा के मरीजों के लिए यह मौसम ज्यादा खतरनाक होता है। क्योंकि उनके फेफड़े पहले से ही कमजोर होते हैं और जब ऐसे मौसम होते हैं तो उनमें इंफेक्शन के खतरे बढ़ जाते हैं। उन्हें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

# आँगन तुम्हारे घर का माँ की गोद जैसा है, भाइयों भूलकर भी आँगन में दीवार मत करना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** पौराणिक गाँव हन्डौर में बाबा मद्दी शहीद की दरगाह पर भारत-भारतीय ने एक मुशायरे का आयोजन किया जिसमें शायरों ने अपने गीत' गज़लों एवं नज्मों से प्रेम,एकता और भाईचारे का पैगाम दिया।मोहम्मद अमीन कल्लू के संयोजन में हुए इस मुशायरे का आगाज ग्राम प्रधान नीतेश सिंह बीरू ने बाबा मद्दी शहीद की मजार पर गुलपोशी करके किया। इसके बाद दिलशाद राही की नात से मुशायरे की शुरुआत हुई। जाहिद अंसारी ने अपनी गजलों से प्रेम,भाईचारे का संदेश दिया तो अतीक प्रतापगढ़ी की माँ पर पढी ग़ई नज्म लोगों ने खूब सराहा। दिलशाद राही की गजलों को भी लोगों ने दाद दी तो निजामत कर रहे आलिम समर की नज्में भी दिल से सुनी गईं। डॉ0रणजीत सिंह ने जहाँ इन पंक्तियों से कौमी एकता का संदेश दिया-पड़ोसी के दिये से हम अपने दिये जलाते हैं,हमारी राह में मजहब,धर्म आडे न आते हैं,गाँव में अपने मैयत होती है हिंदू या मुसलमान की,जनाजे को बारी-बारी से हम काँधा लगाते हैं। तो वहीं उन्होंने भाई पर कविता पढ़कर लोगों को सोचने को मजबूर कर दिया।उनकी भाई पर पढी क़विता की ये पंक्तियां-भाई की रार को ड्योढी से पार मत करना,दखलंदाजी दूजे की तुम स्वीकार मत करना,आँगन तुम्हारे घर का माँ की गोद जैसा है, भाइयों भूलकर भी आँगन में दीवार मत करना।उन्हें श्रोताओं ने मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर भारत-भारतीय ने गहरी निवासी समाजसेवी विष्णु प्रताप सिंह का सारस्वत सम्मान किया।मुशायरे के मुख्य अतिथि पूर्व प्रवक्ता शिव प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कवि और शायर देश और समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।ऐसे आयोजन समाज को बहुत कुछ सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।मुशायरे में अभय प्रताप सिंह मुन्ना,मोहम्मद कमाल,इश्तिखार अहमद छोटे,अंसार अहमद, बाबूलाल कोरी,संजय सिंह,राकेश सिंह,भारत-भारतीय के कोषाध्यक्ष प्रहलाद मोदनवाल,शिवम सिंह,आँसू सिंह,हर्ष सिंह,महमूद आलम,सलमान,नन्हे भाई,सन्दीप दुबे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# शिवालयों में उमड़ा भक्तों का हुजूम, चढ़ाया जल



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालु मंदिरो मे आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि के मौके पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. ब्रह्म मुहूर्त से ही प्रशासनिक अफसरों का दावा है कि सुबह 4 बजे तक चार एक लाख से अधिक श्रद्धालु ने दर्शन किया लोगो ने आसपास के शिवालय पहुंचे और भगवान का अभिषेक किया आज मैं गोमती नदी किनारे मनकामेश्वर मंदिर महान दिव्या गिरी जी ने श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम स्वागत के लिए मंदिर के द्वार खोलें और भक्तों ने लाखों की तादात में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में देव जी महाराज जीने सब को आशीर्वाद दिया और भोलेनाथ की कृपा बनी रहे सब पर महाराज जी ने सबकी मनोकामना पूरी करें भोले नाथ की जय बम बम भोले देव जी महाराज ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन दिये श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर शांतिपूर्वक भगवान का आशीर्वाद लिया और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद व फूल माला भगवान जी पर दूध चढ़ाया और श्रद्धालु दिव्या गिरी महाराज के आशीर्वाद प्राप्त किया इस मनकामेश्वर मंदिर की सबसे खास मान्यता यह है कि यहां मांगी मुरादें पूरी होती हैं। वहीं शहर के तमाम शिवालयों मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। तमाम शिव मंदिरों में भक्तों ने भगवान भोले बाबा को बेलपत्र, धतूर, दूध और जल चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण की। इस दौरान सभी शिव मंदिरों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। देर शाम शहर के कई इलाकों से भगवान भोले बाबा की शिवबारात धूमधाम से निकाली गयी।

## सम्पादकीय

### राष्ट्रीय स्वाभिमान और संप्रभुता को चुनौती, चिंता का विषय है भारतीय राजनीति में विदेशी संस्थाओं का दखल

गुजरात दंगों पर बनाई गई बीबीसी डाक्यूमेंट्री और अदाणी समूह पर तैयार की गई हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आने से इस चर्चा ने जोर पकड़ा कि दोनों घटनाएं स्वतः स्फूर्त न होकर प्रायोजित एजेंडे का हिस्सा हैं। यह भलीभांति दिख भी रहा था कि दोनों ही प्रयोजन 2024 के आम चुनाव और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए रचे गए हैं। इसमें यदि कोई संशय बचा था तो उसे अरबपति निवेशक और दानदाता जार्ज सोरोस ने दूर कर दिया। मोदी को लोकतांत्रिक देश का अलोकतांत्रिक नेता बताते हुए सोरोस ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भारतीय प्रधानमंत्री को देश की संसद और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को जवाब देने होंगे, जो कि मोदी को कमजोर करेंगे और इससे भारत में लोकतंत्र की बहाली का रास्ता तय होगा। सोरोस का कथन केवल मोदी ही नहीं, बल्कि भारत की उस विश्वसनीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर प्रहार है, जिसका लोहा पूरा विश्व मानता है। सोरोस का बयान यह भी दिखाता है कि बीबीसी हो या हिंडनबर्ग अथवा विदेशी दूतावासों में मोदी को हटाने के लिए चल रही बैठकें, एक प्रभावशाली विदेशी लाबी दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के लिए आतुर है। इस ओर विदेश मंत्री जयशंकर ने भी यह कहकर संकेत किया कि भारत में चुनाव भले ही दूर हों, लेकिन लंदन-न्यूयार्क में माहौल बनने लगा है। पीएम मोदी को अलोकतांत्रिक बताना उतना ही हास्यास्पद है, जितना सोरोस को लोकतंत्र का संरक्षक। पीएम मोदी ने न तो किसी अंतरराष्ट्रीय शक्ति की कृपा से और न ही तख्तापलट कर देश की सत्ता हथियाई है। वह विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भारी बहुमत से दो बार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। सोरोस द्वारा पीएम मोदी पर लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर करने का आरोप वास्तविकता के विपरीत है। जितना निरर्थक न्यायिक दखल मोदी सरकार ने झेला है, उतना किसी पूर्ववर्ती सरकार के समय में नहीं हुआ। यहां तक कि अदालतों ने हिंसक आंदोलनों तक को असहमति का अधिकार बताकर उचित ठहराया। इसी तरह मोदी विरोध में मीडिया के एक हिस्से ने झूठ से आगे बढ़कर धोखाधड़ी की हद तक एजेंडा चलाया। एक बड़े समाचार पत्र ने राफेल पर झूठ फैलाने के लिए रक्षा मंत्रालय के दस्तावेज को काट-छांटकर प्रकाशित किया। भारत के एक वर्ग में तो मोदी सरकार की इसलिए आलोचना होती है कि भारी बहुमत के बावजूद यह सरकार हिंसा, अराजकता और झूठे प्रोपेगेंडा पर बहुत नरम रही है। इतनी लचीली और लोकप्रिय सरकार को अलोकतांत्रिक बताकर उसके खिलाफ मोर्चा खोलना सोरोस के पूर्वाग्रह और दोगलेपन को दर्शाता है। हंगरी मूल के अमेरिकी निवेशक सोरोस का जीवन विरोधाभासों से भरा रहा है। अपनी प्राथमिकताओं में जलवायु परिवर्तन से लड़ाई को सबसे ऊपर रखने का दावा करने वाले सोरोस ने अमेरिका की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी पीबाडी एनर्जी और आर्क कोल में भारी निवेश किया था। सोरोस राजनीति में धनबल का विरोध करते हैं, परंतु राजनीतिक चंदा देने में उनका नाम शीर्ष पर आता है। बकौल सोरोस गूगल और फेसबुक समाज के लिए खतरा हैं, क्योंकि वह उपभोक्ताओं में 'जुए जैसी लत पैदा करते हैं।' दिलचस्प यह है कि सोरोस ने इन दोनों ही कंपनियों में निवेश कर रखा है। इंटरनेट की जुए से तुलना करने वाले सोरोस ने स्वयं अपनी संपत्ति विभिन्न देशों की मुद्राओं पर सट्टा लगाकर कमाई है। सोरोस ने सबसे अधिक मुनाफा ब्रिटिश पाउंड की शार्ट सेलिंग कर कमाया था। हालांकि इस सट्टे में तकनीकी रूप से कुछ गलत नहीं हुआ, परंतु उसके बाद बैंक आफ इंग्लैंड डूब गया और ब्रिटेन भारी मंदी और महंगाई के दौर में चला गया। उसी समय आए एशियाई आर्थिक संकट के लिए भी सोरोस की सट्टेबाजी को दोष दिया जाता है। तत्कालीन मलेशियाई प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने रिंगित के अवमूल्यन का ठीकरा सोरोस पर फोड़ा था। एक फ्रांसीसी अदालत ने 2002 में सोरोस को इनसाइडर ट्रेडिंग यानी भेदिया कारोबार में लिप्त होने का दोषी पाया था। कितनी दिलचस्प बात है कि स्वयं कारोबारी अनैतिकता के दोषी सोरोस अदाणी के व्यापार पर जवाब मांग रहे हैं। सोरोस का सबसे बड़ा पाखंड तो उनका 'ओपन सोसायटी फाउंडेशन' यानी ओएसएफ है, जिसके जरिये वह दावा तो 'सहिष्णु, जवाबदेह और समावेशी' लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं बनाने का करते हैं, किंतु अपने अकूत धनबल के बूते वह चुनी हुई सरकारों को गिराने का प्रयास करते हैं। यह सोरोस की आत्ममुग्धता और अहंकार ही है कि वह अपनी निजी पसंद को चयनित सरकारों से ऊपर रखकर सत्ता परिवर्तन के प्रयास को लोकतांत्रिक बहाली का नाम देते हैं। कोई शब्दाडंबर इस तथ्य को नहीं छिपा सकता कि सोरोस सत्ता परिवर्तन माफिया की अगुआई करते हैं। छद्म नैतिकता के लबादे तले इस माफिया के सामरिक, राजनीतिक और व्यवसायिक हित छिपे होते हैं। यूक्रेन, रूस, अमेरिका, हंगरी, स्लोवाकिया और अरब देशों के बाद सोरोस की नजर भारत पर पड़ी है। एनजीओ, एक्टिविस्ट, मीडिया और पत्रकारों में सोरोस ने निवेश, दान और फेलोशिप के माध्यम से करोड़ों रुपया बांटा है। इसका प्रभाव भारतीय विमर्श पर स्पष्ट दिखाई भी देता है। सोरोस की समझ से मेल खाते बिंदुओं पर लेखों और संपादकीय टिप्पणियों की भरमार है।

# कांग्रेस की मूल शक्ति है आंतरिक लोकतंत्र, आपसी मतभेदों को भुलाकर सीखना होगा एक साथ काम करना



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का महाधिवेशन आयोजित हो रहा है। लंबे समय बाद कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुए हैं। इस महाधिवेशन में भविष्य की व्यापक रणनीति तैयार होगी। इसका एकदम स्पष्ट अर्थ है- कांग्रेस ने पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र के ढांचे को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। यह उचित समय है कि कांग्रेस के आंतरिक लोकतंत्र की परंपरा और उदात्त मूल्यों का फिर से स्मरण किया जाए। भारत का स्वाधीनता संग्राम हमें कई ऐसे उदाहरण देता है, जिससे हम कांग्रेस की मूल परंपरा को सही अर्थों में समझ सकते हैं। स्वाधीनता संग्राम के बड़े नेताओं के संबंधों को ही ले लीजिए। सभी बड़े नेता अपनी विचारधारा के आधार पर आपसी मतभेद रखते थे, लेकिन उनके बीच व्यापक हित के लिए एकजुट होकर काम करने की उदारता थी। उन दिग्गज नेताओं के बीच वैचारिक मतभेदों के बावजूद परस्पर सौहार्द की भावना आंतरिक लोकतंत्र की बुनियादी कसौटी रही। मिसाल के तौर पर महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी नेता थे। इनके नेतृत्व में कांग्रेस ने अंग्रेजों से आजादी हासिल की। इनमें गांधीजी सबसे बड़े नेता थे। यद्यपि ये तीनों ही नेता पृष्ठभूमि और व्यक्तित्व में बहुत भिन्न थे, परंतु उनमें बहुत कुछ ऐसा था, जो उन्हें जोड़े रखने में सक्षम था। इसी भावना से उन्होंने कांग्रेस के भीतर आंतरिक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाया। कांग्रेस के भीतर के इस लोकतांत्रिक स्पेस को गांधीजी ने और अधिक व्यापक बनाया। उन्होंने कांग्रेस की छतरी के नीचे हर उस विचार का स्वागत किया, जो उन्हें उपनिवेशवाद के मोर्चे पर मदद करने को तैयार था। इस वजह से कांग्रेस ऐसे संगठन के तौर पर विकसित हुई, जहां दक्षिण से लेकर वामपंथ तक, बहुत व्यापक वैचारिक स्पेक्ट्रम वाले लोग साथ-साथ काम कर सके। वे आपस में खुली बहस कर सकते थे, लड़-झगड़ सकते थे। यहां तक कि एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चाबंदी भी कर सकते थे, लेकिन उपनिवेशवाद के विरुद्ध बिगुल बजने पर सारे मतभेद ताक पर रखकर एकजुट भी हो सकते थे। आज कांग्रेस के भीतर लोकतांत्रिक स्पेस बनाने के गंभीर प्रयास फिर शुरू हुए हैं। गांधी-नेहरू परिवार से इतर अध्यक्ष के चुनाव से कांग्रेस को एक परिवार की पार्टी होने के आरोप से मुक्त करने की भावना दिखती है। इसका श्रेय राहुल गांधी को जाता है, जिन्होंने अपनी मां की तरह त्याग की राजनीति का रास्ता चुना। नई व्यवस्था ने उन्हें रोजमर्रा के कामकाज से काफी हद तक मुक्त किया है। अब वह विचारधारा और लोकप्रिय आंदोलन की ओर अधिक ध्यान दे पाएंगे। मल्लिकार्जुन खरगे के चुनाव से सिद्धांततः ही सही, यह संदेश दिया गया कि पार्टी में लोकतांत्रिक स्पेस को बढ़ावा दिया जा रहा है। कांग्रेस को अपने मतभेदों को भुलाकर एक साथ बढ़ने की भावना से काम करना सीखना होगा। राहुल गांधी की यह चिंता उचित है कि पार्टी का पुराना ढांचा अब अपेक्षित चुनाव परिणाम देने में सक्षम नहीं। वह यह भी मानते हैं कि अब वैचारिक संघर्ष को वरीयता दी जानी चाहिए। यह सब कांग्रेस के भविष्य के लिए शुभ संकेत हैं। पार्टी के भीतर चुनावों से संभव है कि तमाम दृष्टिकोण और रणनीतिगत मतभेदों के लोग चुनकर आएंगे। इससे तमाम गुटों को अपना मत रखने के लिए मंच मिलने के साथ ही उनके भीतर लोकतांत्रिक भावना से काम करने की क्षमता विकसित होगी। आंतरिक लोकतंत्र के अभाव में पार्टी के तमाम गुट आपस में गुपचुप साजिश करने और एक-दूसरे की टांग खींचने को मजबूर होते हैं। कांग्रेस ने पिछले काफी समय से हर स्तर पर चुनाव कराने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। अच्छा हो कि इस महाधिवेशन में इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएं। न सिर्फ कांग्रेस वर्किंग कमेटी, बल्कि अन्य स्तरों पर चुनाव से पीछे हटना पार्टी के लिए हितकर नहीं होगा। जब लोग चुनकर आते हैं तो वे यह नहीं कह सकते कि पार्टी के भीतर उन्हें सुना नहीं गया या उनका प्रतिनिधित्व नहीं है। पुराने नेताओं में चुनावों को प्रभावित करने की क्षमता अधिक होती है। वे राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से अधिक वोट पाने के लिए बोगस वोटिंग का सहारा भी ले सकते हैं। इस जोखिम के बावजूद आंतरिक लोकतंत्र का कोई विकल्प नहीं। आजादी के पहले का कांग्रेस का इतिहास बताता है कि कई बार बेहद विवादित मुद्दों पर नेताओं के बीच मतभेद सुलझाने में चुनावी व्यवस्था बड़ी सहायक रही। तब सभी पक्ष अपनी राय खुलकर व्यक्त करते थे। असहयोग आंदोलन छेड़ा जाए या नहीं, यह निर्णय खुली वोटिंग द्वारा लिया गया था। भारत छोड़ो आंदोलन के विरोध में 13 कम्युनिस्ट नेताओं ने गांधीजी के प्रस्ताव के विरुद्ध वोट दिया था, लेकिन गांधीजी ने उन्हें ही सबसे पहले बधाई दी, क्योंकि वह कांग्रेस को एक लोकतांत्रिक संगठन की तरह विकसित करना चाहते थे। अगर ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारत में कांग्रेस ही लोकतंत्र की पहरुआ पार्टी रही है। कम्युनिस्ट पार्टियां लोकतांत्रिक केंद्रीयतावाद की वजह से कभी लोकतांत्रिक नहीं रहीं तो दक्षिणपंथी पार्टियों का लोकतंत्र के प्रति नजरिया सबको मालूम है। इस तरह देखें तो भारत में कांग्रेस के ऊपर लोकतंत्र के मूल विचार को जिंदा रखने की जिम्मेदारी तो है ही, उसे आंतरिक लोकतंत्र की पुरानी पद्धति पर लौटकर उसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने की भी जरूरत है। अब उपनिवेशवाद की तरह सांप्रदायिक ताकतें विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। उनका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अपने घर को सबसे पहले दुरुस्त करना होगा।



# संगम की नगरी, तीर्थराज प्रयाग की रेती, मां गंगा की गोद में चल रहे सबसे बडे पुण्य व आस्था के मेले का सकुशल हुआ समापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**तीर्थराज प्रयाग में त्रिवेणी के पावन संगम तट पर सबसे बड़े धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन माघ मेला 2023 का प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रान्ति दिनांक 06.01.2023 से प्रारंभ होकर अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि दिनांक 18.02.2023 को सकुशल व निर्विघ्न संपन्न हुआ। कुल 44 दिन चले इस माघ मेले में गंगा, यमुना तथा अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में पुण्य अर्जन का भाव संजोए देश के कोने कोने से आए करोड़ो श्रद्धालुओं ने आस्था एवं पुण्य की डुबकी लगाई। माघ मेला 2023 में श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियों के सुगम आवागमन, सुरक्षित स्नान तथा सुरक्षित प्रवास हेतु समस्त पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किए गए। लगभग 650 हेक्टेयर में फैले संपूर्ण मेला क्षेत्र को पुलिस व्यवस्था के दृष्टिगत 02 जोन, 05 सेक्टरों व 07 सर्किलों में विभाजित कर 13 थानों (01 महिला थाना, 01 जल पुलिस थाना), 14 अग्निशमन केंद्रों और 38 चौकियों को व्यवस्थापित किया गया। संगम क्षेत्र को झूंसी क्षेत्र से जोड़ने हेतु 05 पांटून पुलों का निर्माण किया गया। श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान हेतु संगम 24 स्नान घाटों/नाव घाटों को विकसित किया गया। श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन हेतु स्नान घाटों के निकटस्थ ही 05 पार्किंग स्थलों की समुचित व्यवस्था की गयी। मेले को सकुशल संपन्न कराने हेतु 01 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, 01 पुलिस अधीक्षक, 05 अपर पुलिस अधीक्षक, 09 पुलिस उपाधीक्षक, 19 निरीक्षक व लगभग 5000 पुलिस कर्मियों सहित नागरिक पुलिस, महिला पुलिस, यातायात पुलिस, जल पुलिस, पी0ए0सी0, एसडीआरएफ, एलआईयू, एटीएस, रेडियो दूरसंचार, घुड़सवार पुलिस, फायर सर्विस, डॉग स्क्वायड, बीडीडीएस, एएस चेक टीम, पीआरडी, तथा होमगार्डों के जवानों के साथ साथ स्वयं सेवी संस्थाओं की तैनाती की गई। मेला क्षेत्र में सतर्क दृष्टि, नियंत्रण एवं समन्वय रखने के लिए मेला नियंत्रण कक्ष, 'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर', सीसीटीवी कैमरे,बॉडी वार्न कैमरा, ड्रोन, वायरलेस ग्रिड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सम्यक संचार व्यवस्था स्थापित की गई। स्नान घाटों पर 'डीप वाटर बैरिकेटिंग' की गई तथा एकल दिशा मार्ग के लिए 'फ्लोटिंग रिवर लाइन' लगाई गई। स्नान घाटों में बैरिकेटिंग के साथ साथ जल पुलिस, एसडीआरएफ व पीएसी की बाढ़ राहत कंपनियों के जवानों के साथ गोताखोरों की नियुक्ति की गई।माघ मेला 2022-23 में विभिन्न तिथियों में प्रस्तावित कुल 06 प्रमुख स्नान- 1. पौष पूर्णिमा पर्व (06.01.2023) पर लगभग 05 लाख 2. मकर संक्रांति पर्व (14/15.01.2023) पर लगभग 40 लाख 3. मौनी अमावस्या पर्व (21.01.2023) पर लगभग 02.09 करोड़ 4. बसंत पंचमी पर्व (26.01.2023) पर लगभग 41.50 लाख 5. माघी पूर्णिमा पर्व (05.02.2023) पर लगभग 37 लाख 6. महाशिवरात्रि पर्व (18.02.2023) पर 08.50 लाखों, साधू सन्यासियों, महंतो, संस्था प्रमुखों, श्रद्धालुओं तथा विशिष्ट महानुभावों द्वारा संगम क्षेत्र में स्नान तथा भ्रमण किया गया। सामान्य दिवसों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का स्नान व आवागमन जारी रहा। मेला क्षेत्र में स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं के आगमन हेतु 17 प्रमुख प्रवेश द्वारा बनाये गये जहां सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। माघ मेला के दौरान उच्च न्यायालय के विभिन्न माननीय न्यायमूर्तियों तथा विशिष्ट महानुभावों का निर्दिष्ट प्रोटोकॉल तथा सम्यक सुरक्षा प्रदान करते हुए सकुशल आवागमन सुनिश्चित कराया गया। समस्त नाविक संचालकों एवं मल्लाहों का नियमानुसार लाइसेंस निर्गत करते हुए सभी को निर्देशित किया गया कि अपनी नावों में क्षमता के अनुरुप ही स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को बिठायेंगे एवं स्नान हेतु आये स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को 'लाइफ सेविंग जैकेट' अनिवार्य रूप से पहनाना सुनिश्चित करेंगे जिससे दुर्घटना होने से बचाया जा सके। माघ मेला 2023 को सकुशल व निर्विघ्नं संपन्न कराने में आवंटित विभिन्न इकाइयों के समस्त पुलिस बल द्वारा अत्यंत ही निष्ठा पूर्वक अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन किया गया। समस्त अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के संयुक्त योगदान तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन के फलस्वरूप माघ मेला वर्ष 2022-23 सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ। मेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस द्वारा मेले में सराहनीय योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मेले को सकुशल एवं निर्विघ्नं रुप से संपन्न कराने में समस्त पुलिस बल को कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए सराहनीय योगदान देने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस को अपर पुलिस महानिदेशक श्री भानु भास्कर आईपीएस, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज श्री रमित शर्मा आईपीएस, अपर पुलिस आयुक्त श्री आकाश कुलहरी आईपीएस के द्वारा संयुक्त रूप से एवं मेला प्रभारी श्री अरविंद चौहान आईएएस की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।




# ढाक के तीन पात जैसी विपक्षी एकता, अंदरूनी लड़ाई इतनी तेज है कि वह एकजुट हो ही नहीं सकता

विपक्ष एक पूरा चक्कर लगाकर फिर से वहीं खड़ा है, जहां करीब चार साल पहले था। हाथ खाली के खाली और मुद्दा सिर्फ मोदी ही मोदी। सवाल यह है कि क्या परिश्रम करना मात्र ही सब कुछ है? क्या केवल परिश्रम से कुछ हासिल हो सकता है या फिर एक निश्चित सोच, निर्णय और लक्ष्य के साथ परिश्रम करना बेहतर होता है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपदस्थ करने के लिए विपक्षी एकजुटता की रट हर ओर से लग रही है और यात्राएं भी हो रही हैं, लेकिन कोई भी यह समझाने की स्थिति में नहीं है कि मोदी क्यों नहीं? सवाल उठाए जा रहे हैं, लेकिन अधिकतर व्यक्तिगत हैं, मसलन, हमारे लोगों से सीबीआइ, ईडी पूछताछ क्यों कर रही हैं, हमारे ऊपर छापा क्यों पड़ रहा है? इस सबके बीच यह अपील भी होती है कि पूरा विपक्ष एकजुट हो, लेकिन फिर से बात हम और हमारे पर ही आ जाती है। यानी हमारे लोगों से छेड़छाड़ मत करो, हमारे राज्य में हमें मजबूत रहने दो और हमारी शर्त पर एकजुट हो जाओ। एकजुटता के नारे तो लग रहे हैं, लेकिन संकल्प किसी स्तर पर नहीं दिख रहा है। कुछ दिन पहले पटना में कई दलों के नेता जुटे और वहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एकता की अपील की। सलमान खुर्शीद से यह आशा की गई कि यह बात वह कांग्रेस के आलाकमान तक पहुंचाएं। खुर्शीद साहब ने वादा भी कर दिया। दूसरे ही दिन कांग्रेस नेतृत्व की ओर से स्पष्ट कर दिया गया कि उसे इस सीख की जरूरत नहीं है। कुछ तंज भरे शब्दों में यह भी याद दिलाया गया कि कांग्रेस ही है, जो कभी भाजपा के साथ नहीं गई। परोक्ष रूप से तृणमूल को भी उलाहना दे दिया गया कि कुछ दल बैठकें विपक्ष के साथ करते हैं, लेकिन काम भाजपा के लिए करते हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे के हाथ से फिसलकर एकनाथ शिंदे के हाथ में आ गई है तो राकांपा नेता शरद पवार उन्हें फिर से नई शुरुआत करने की सलाह दे रहे हैं। दिलासा देने के लिए यह अच्छी सलाह है, लेकिन यह समझने में तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए कि उद्धव का कद घटने का सबसे ज्यादा फायदा राकांपा और कांग्रेस ही उठाने की कोशिश करेंगी। कहना कठिन है कि घटी शक्ति के साथ उद्धव ठाकरे पवार से कितना पार पा सकेंगे? वस्तुतः हर घटनाक्रम एक इशारा है कि विपक्ष की अंदरूनी लड़ाई इतनी तेज है कि वह एकजुट हो ही नहीं सकता। अगर आपसी लड़ाई में ढीले पड़ गए तो अस्तित्व पर खतरा है। यह हर किसी पर लागू होता है फिर चाहे सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस हो या फिर जदयू, राजद, सपा, राकांपा और उद्धव की शिवसेना। लिहाजा उन्हें पहले खुद के बीच फैसला करना है, फिर यह तय करना है कि मोदी के खिलाफ उतरना है तो चेहरा कौन होगा? गुत्थी फिलहाल तो सुलझती नहीं दिख रही है और इसीलिए कांग्रेस की ओर से साफ-साफ कहा गया है कि विपक्षी एकजुटता तो चुनाव के बाद ही होगी।



# उसने मुझे गाली दी थी',कामरान अकमल ने साल 2012 का किस्सा याद कर इस भारतीय तेज गेंदबाज पर लगाया गंभीर आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट फैंस को बस उस दिन का इंतजार रहता है, जब भारत और पाकिस्तान आमने-सामने हो और कब एक हाई वोल्टेज मुकाबला देखने को मिले। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट के मैदान पर हर एक मुकाबला रोमांच से भरपूर होता है इस मैच को देखने के लिए फैंस हमेशा से एक्साइटिड रहते है और पल-भर में मैच की सभी टिकटें बिक जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच मैदान पर लड़ाई भी देखने को मिलती रहती है। इसी बीच पाकिस्तानी टीम के पूर्व खिलाड़ी कामरान अकमल ने एक पुरानी घटना का जिक्र किया, जिसमें उनकी भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और ओपनिंग बल्लेबाज गौतम गंभीर के साथ जुबानी जंग हो गई थी दरअसल, पाकिस्तान टीम के पूर्व खिलाड़ी कामरान अकमलने हाल ही में यूट्यूब चैनल 'नादर अली पोडकास्ट' के जरिए साल 2009 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले का जिक्र करते हुए बताया कि एक गलतफहली का शिकार होने के चलते गौतम गंभीर उनसे मैदान पर भिड़ गए थ इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि वह पूरी तरह से एक गलतफहमी थी। यह मुकाबला साल 2009 एशिया कप के दौरान का था, जिसमें सईद अजमल गेंदबाजी कर रहे थे और इस दौरान मैंने विकेट के पीछे से गेंद को पकड़ने के बाद कैच की अपील की थी, जिसे अंपायर ने नकार दिया। गंभीर ने उस समय मजाकिया अंदाज में कुछ कहा, लेकिन मुझे याद उन्होंने कोई अपशब्द नहीं कहे थे। यदि मैं गलत नहीं हूं तो उन्होंने मुझसे कुछ नहीं कहा, लेकिन उस दौरान मुझे ऐसा लगा वह मुझसे ही कुछ कह रहे हैं इसके अलावा कामरान अकमल ने साल 2012 की एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने मैच के दौरान मुझे अपशब्द कह थे। कामरान ने बताया कि साल 2012 में भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान एक मुकाबले में इशांत ने मुझे गाली दी, जिसपर मैंने भी प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद उस वक्त महेंद्र धोनी जो उस समय काफी भारतीय टीम के कप्तान थे और उनके साथ सुरेश रैना ने मामले को संभाल लियाय़ भारतीय टीम उस मैच में हार रही थी और ऐसा होना लाजिमी था। शोएब मलिक और मोहम्मद हफीज उस सीरीज में काफी शानदार तरीके से खेल रहे थे जिसपर इशांत का गुस्सा लाजिमी भी था।



# डेनियल विटोरी का तोड़ा रिकॉर्ड, ऐसा कमाल करने वाले बने न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच में कीवी टीम के कप्तान टिम साउदी ने इतिहास रच दिया। टिम साउदी ने गेंदबाजी में डेनियल विटोरी को पीछे छोड़ते हुए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। विकेट चटकाए थे। गौरतलब हो कि टिम साउदी 90 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उनके नाम 350 से ज्यादा विकेट दर्ज हैं। वहीं, 154 वनडे मुकाबलों में 210 विकेट चकाए हैं। इसके अलावा 106 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में 134 विकेट चटकाए थे। गौरतलब हो कि टिम साउदी 90 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उनके नाम 350 से ज्यादा विकेट दर्ज हैं। वहीं, 154 वनडे मुकाबलों में 210 विकेट चकाए हैं। इसके अलावा 106 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में 134 विकेट



साउदी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज बन गए हैं। साउदी ने डेनियल विटोरी (696 विकेट) को कहीं पीछे छोड़ दिय न्यूजीलैंड के कप्तान को यह उपलब्धि इंग्लैंड के खिलाफ वेलिंग्टन टेस्ट मैच के पहले दिन हासिल हुई। साउदी ने इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेत को आउट करके अपना 700वां विकेट पूरा किया। साउदी ने पूर्व दिग्गज स्पिनर डेनियल विटोरी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 18 साल के लंबे क्रिकेट करियर में 696 लिए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड को कई मुकाबलों में अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर जीत दिलाई है। इसके अलावा साउदी जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान को यह उपलब्धि इंग्लैंड के खिलाफ वेलिंग्टन टेस्ट मैच के पहले दिन हासिल हुई। साउदी ने इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेत को आउट करके अपना 700वां विकेट पूरा किया। साउदी ने पूर्व दिग्गज स्पिनर डेनियल विटोरी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 18 साल के लंबे क्रिकेट करियर में 696 विकेट लिए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड को कई मुकाबलों में अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर जीत दिलाई है। इसके अलावा साउदी जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। आपको बता दें कि माउंट मौंगानुई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को करारी हार का सामना करना पड़ा था। पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने 267 रनों से जीत दर्ज की थी। साथ ही दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 315 रन बना लिए हैं।

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल में 6 रन से हराया, ऑस्ट्रेलिया से होगी फाइनल में भिड़ंत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को छह रन से हराकर महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश



किया। खिताबी मुकाबले में अब उसका सामना गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तजमीन ब्रिट्ज (68) और लौरा वोलवार्डट (53) की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाए जवाब में इंग्लैंड की टीम निर्धारित ओवर में आठ विकेट पर 158 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका की जीत में तजमीन और वोलवार्डट के अलावा तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका और शबनीम इस्माइल ने गेंद से अहम भूमिका निभाई। वोलवार्डट ने चार जबकि इस्माइल मे तीन विकेट झटके। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती होगी जो उसके लिए आसान नहीं रहने वाली है। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की तरफ से वूलफार्ट ने 44 गेंदों पर 53 रन बनाए, जबकि ब्रिट्ज ने 55 गेंदों पर 68 रन की आकर्षक पारी खेली। वायट की पारी का अंत अयाबोंगा खाका ने किया। नैट साइवर ब्रंट ने 34 गेंद पर 40 रन बनाए और कप्तान हीथर नाइट ने 25 गेंद पर 31 रन का योगदान दिया। जल्दी-जल्दी विकेट गिरने पर इंग्लैंड पर दबाव बढ़ता गया और बीच में उसने आठ रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे, जिससे वह बैकफुट पर चला गया। इंग्लैंड को आखिरी ओवर में 12 रन की जरूरत थी और नाइट क्रीज पर थी। इस दौरान इस्माइल ने हालांकि बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने तीसरी गेंद पर नाइट को बोल्ड करके इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। 20वें ओवर में केवल छह रन बने।

# इसलिए महत्वपूर्ण है इंदौर टेस्ट, भारत यहां जीता तो डब्लू टी सी के फाइनल में करेगा क्वालीफाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा पर नजरें टिकाए भारतीय टीम शनिवार को इंदौर में कदम रखेगी। यहां के होल्कर स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का



तीसरा टेस्ट होना है। परिणाम के लिहाज से 1 मार्च से होना वाला मुकाबला भारत के लिए अहम है। तसल्ली इतनी है कि इंदौर का होल्कर स्टेडियम भारत का अजेय किला कहलाता है और यहां टीम ने हर टेस्ट एकतरफा अंदाज में जीते हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को यहां कभी कोई जीत नसीब नहीं हुई है। इंदौर पहुंचने से पहले ही ऑस्ट्रेलिया को झटका लगा है। टीम के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ इंदौर में टीम की कमान संभालेंगे। भारतीय खिलाड़ी दूसरा टेस्ट समय से पहले जीतने के बाद परिवार के साथ वक्त बिताने के लिए अपने घर लौट गए थे। अब सभी अलग-अलग फ्लाइट से 25 फरवरी को इंदौर लौट रहे हैं वर्तमान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत और ऑस्ट्रेलिया शीर्ष दो स्थान पर हैं। टेस्ट चैंपियनशिप के तहत एक मैच जीतने के 12 अंक और ड्रा के चार अंक मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया के 136 जबकि भारत के 123 अंक हैं। भारत पर धीमी ओवर गति के कारण पांच अंक की पेनाल्टी लगी थी, जिससे भारत के अंक कम हुए थे। इसी कारण इंग्लैंड के 12 अंक कम हुए हैं। हालांकि, हर देश ने अलग-अलग संख्या में टेस्ट खेले हैं। इसलिए प्रतिशत के आधार पर गणना होती है। ऑस्ट्रेलिया 66.67 प्रतिशत के साथ पहले जबकि भारत 64.06 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है इंदौर में भारत ने दो टेस्ट खेले हैं और दोनों ही बड़े अंतर से जीते हैं। वर्ष 2016 में न्यूजीलैंड को चार दिन में ही 321 रनों से पराजित किया था। वहीं वर्ष 2019 में बांग्लादेश को तीन दिन में ही पारी और 130 रनों से हराया था। दोनों ही टेस्ट में खेले अधिकांश खिलाड़ी इस बार भी टीम का हिस्सा हैं, जिनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा जैसे नाम शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम यहां पहली बार टेस्ट खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने होलकर स्टेडियम में वर्ष 2017 में एकमात्र वनडे खेला है, जिसमें भारत ने उसे 5 विकेट से हराया था।

# पूर्व कप्तान के गले लगकर फूट-फूटकर रोईं हरमनप्रीत कौर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में मिली हार से पूरी भारतीय महिला टीम दुखी थी। मैच खत्म होने के बाद ड्रेसिंग रूम में महिला खिलाड़ियों के साथ स्टाफ के भी चेहरे पर मायूसी दिखी। वहीं, हरमनप्रीत कौर पूर्व भारतीय महिला टीम की कप्तान अंजुम चोपड़ा के कंधे पर सिर रखकर रोते हुई दिखीं। इसके अलावा हरफनमौला खिलाड़ी हरलीन देओल कप्तान के आंसू पोछते हुई दिखाई दीं। सोशल मीडिया पर टीम इंडिया का भावुक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है बता दें कि मैच खत्म होने के बाद हरमनप्रीत कौर अपने इमोशन को कंट्रोल करने की पूरी कोशिश की रही थीं, लेकिन जैसे ही अंजुम चोपड़ा ने उन्हें गले लगाया, हरमन की आंखों में आंसू आ गए। वहीं, पास में ही खड़ी हरलीन देओल



ने कप्तान के आंसू पोछे। इस दौरान पूरी टीम भावुक दिखी। मैच हारने का दुख सभी के चेहरे पर साफ झलक रहा था गौरतलब हो कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 172 रन का स्कोर बनाया था। जवाब में भारतीय महिला टीम 20 ओवर में 167 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 34 गेंद पर 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 15वें ओवर में रन आउट हो गईं। जेमिमा ने 43 रन का योगदान दिया। अंत के ओवरों में ऋचा घोष से बड़े शॉट की उम्मीद थी, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया दीप्ति शर्मा आखिर तक बड़े शॉट नहीं लगा सकीं और भारत 5 रन से मैच हार गया। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम अपने छठे खिताब से मात्र एक कदम दूर है। वह 26 फरवरी को इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया पांच बार टी20 विश्व कप जीत चुका है।

# भारतीय महिला क्रिकेटरों को डंडा करने की जरूरत, स्टार कल्चर हो खत्म' हरमनप्रीत ब्रिगेड को लगाई लताड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** घ्ण्ण् महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली हार से भारतीय फैंस दुखी हैं। वहीं, भारतीय महिला की टीम की पूर्व कप्तान डायना




इडुलजी ने खिलाड़ियों को पटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि टीम को टॉप पहुंचने के लिए खिलाड़ियों को ठडंडाठ करने की जरूरत है। स्टार कल्चर खत्मकर बीसीसीआई को कड़े फैसले लेने होंगे। पीटीआई से बात करते हुए डायना इडुलजी ने कहा, ठमैंने सीनियर खिलाड़ियों से बेहरत अंडर-19 टीम को फिट देखा। वे फाइनल में नर्वस नहीं हुए। यह कोई पहली बार नहीं है, जब भारतीय टीम फाइनल में चोक हुई है। टीम के साथ ऐसा 2017 से 2023 तक होता आया है। डायना ने आगे कहा, बीसीसीआई को स्टार कल्चर खत्म कर देना चाहिए। टीम को टॉप पर पहुंचाने के लिए उन्हें डंडा करने की जरूरत है। बीसीसीआई ने आपको एक समान फीस का अधिकार दिया है। इसके बावजूद आप हर समय जीता हुआ मैच हार रहे हैं। अब यह आदत बन गई है। बीसीसीआई को कड़े फैसले लेने की जरूरत है। उन्होंने भारत की खराब फील्डिंग पर यहां तक कहा कि महिला क्रिकेट में भी यो-यो टेस्ट होने चाहिए। हालांकि, यह महिलाओं के लिए कठिन है, 15 में से 12 इस टेस्ट में फेल हो जाएंगीं, लेकिन इससे इतर एक मजबूत टीम मिलेगी जो अपने फिटनेस के लिए जानी जाएगी। इस वक्त खिलाड़ियों की टीम के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है।




# राशीफल




मेष-ःआप आने वाले दिनों की प्लानिंग करेंगे। आज मेहनत आपको पॉज़िटिव रिज़ल्ट्स दिलाएगी। बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा। किस्मत आपके साथ रहेगी।




वृष-ःइस सप्ताह अपने निर्णयों पर दृढ़ रहें और दूसरों के विचारों से प्रभावित ना हों। अच्छा होगा कि आप अपने ही विचारों को सुने। किसी भी व्यक्ति को अपने ऊपर उसके विचार थोपने ना दें।




मिथुन-ःकिसी ऊँचे और ख़ास इंसान से मिलते समय घबराएँ नहीं और आत्मविश्वास बनाए रखें। यह सेहत के लिए उतना ही ज़रूरी है, जितना काम-धंधे के लिए पैसा।




कर्क-ःइस सप्ताह जीवनसाथी के साथ विदेश यात्रा का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के संगीतकार या वेब डिजाइनर्स के करियर में आज राजयोग की स्थिति बन रही है।




सिंह-ःकिसी विवाद से बचें। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजमर्रा की समस्याएं आसानी से सुलझ सकती हैं। महत्वपूर्ण फैसले लेना चाहते हैं, तो आज ले सकते हैं।




कन्या-ःइस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।




तुला-ःनौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।




वृश्चिक-ःइस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।




धनु-ःनौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।




मकर-ःपरिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।





कुंभ-ःमन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।



मीन-ःपारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।








# हैरी ब्रूक और रूट के शतक की बदौलत मजबूत स्थिति में इंग्लैंड, पहले दिन बनाया 300 के पार का स्कोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हैरी ब्रूक की नाबाद 184 रन की शानदार पारी से शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड मजूबत स्थिति में आ गया। हैरी ब्रूक अपने पहले दोहरे शतक से महज कुछ ही रन दूर हैं। अंतिम सत्र में बारिश के कारण खेल नहीं हो सका। हैरी ब्रूक ने 169 गेंद में नाबाद 184 रन बनाए, जिसमें 24 चौके और 5 छक्के शामिल थे। पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 3 विकेट खोकर 315 रन बनाए। वहीं, दूसरे छोर पर उनके साथ जो रूट डटे हुए हैं, जिन्होंने अपना 29वां टेस्ट शतक (नाबाद 101) पूरा किया। इस जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 294 रनों की अटूट साझेदारी कर मेजबान टीम की लय को बिगाड़ दी है। एक समय जैक क्रॉली, बेन डकेट और ओली पोप के आउट होने के बाद इंग्लैंड का स्कोर 21-3 हो गया था, लेकिन वहां से ब्रूक और रूट ने शानदार साझेदारी की गौरतलब हो कि पिछले पांच टेस्ट मैचों में 4 शतक बनाने वाले ब्रूक ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने कुल 9 पारियों में 807 टेस्ट रन बनाए, जो इतिहास में किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के विनोद कांबली के नाम दर्ज था। दूसरी ओर, रूट जो पहली गेंद पर जीवनदान मिला। वहीं, दूसरी बार 31 रन के निजी स्कोर पर दोबारा जीवनदान मिला। रूट और ब्रूक की साझेदारी ने इंग्लैंड को अपनी लगातार सातवीं टेस्ट जीत और सीरीज जीत के लिए मजबूत स्थिति में ला दिया है। अगर इंग्लैंड यह सीरीज जीत जाता है, तो न्यूजीलैंड की छह साल में पहली घरेलू सीरीज हार होगी।



# डब्लू टीसी फाइनल है लक्ष्य, श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुना मजबूत स्क्वाड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 17 सदस्यीय मजबूत स्क्वाड चुना है। दिमुथ करुणारत्ने श्रीलंका टीम की कमान संभालेंगे। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 9 मार्च से शुरू होगा। श्रीलंका के पास इस सीरीज के जरिये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का मौका होगा। श्रीलंका ने 23 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज निशान मदुष्का और तेज गेंदबाज मिलान रतनायके को पहली बार टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच दो टेस्ट मैच क्रमशः क्राइस्टचर्च व वेलिंगटन में खेले जाएंगे। मदुष्का इस



समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने जनवरी-फरवरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ फर्स्ट क्लास मैचों में एक दोहरा शतक और एक शतक जमाया। इस बीच श्रीलंका ने ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने को टीम में वापस शामिल किया है। वो 2019 में टेस्ट डेब्यू के बाद दोबारा स्ववाड शामिल किया है। श्रीलंका ने अपने तेज गेंदबाजी विभाग को मजबूत किया है। इसमें लाहिरू कुमार, चमिका करुणारत्ने, कसुन रजित, असित फर्नांडो, मिलान रतनायके और विश्वा फर्नांडो को मौका मिला है। श्रीलंका को न्यूजीलैंड का 2-0 से क्लीन स्वीप करने की दरकार है। श्रीलंका को उम्मीद करनी होगी कि भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का 4-0 से क्लीन स्वीप करे। अगर ऐसा होता है तो श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह पक्?की कर लेगा। इस समय श्रीलंका के 53.33 प्रतिशत हैं और फाइनल में पहुंचने के लिए उसे न्यूजीलैंड का क्लीन स्वीप करने की जरुरत है।

# अक्षय कुमार के 'सेल्फी' की खराब शुरुआत, थिएटर में खोजने पर भी नहीं दिख रहे दर्शक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की सेल्फी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। अपनी पिछली फिल्मों की तरह इस बार फिल्म उम्मीदों पर कितनी खरी उतरी सेल्फी के ट्रेलर रिलीज के साथ ही फिल्म को लेकर कुछ खास क्रेज नहीं दिखा था। कारण शायद ये सेल्फी ने अपने ओपनिंग डे पर सिर्फ 3 करोड़ का कलेक्शन किया। दर्शकों की संख्या नाइट शो में थोड़ी बहुत ठीक नजर आई। पर फिल्म ने बॉक्स



भी खिलाड़ी कुमार ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया। पहले दिन ही सिनेमाघरों से दर्शक गायब रहे, काफी शोज इस कारण कैंसिल भी करने पड़े। अक्षय तो चाहते होंगे कि सेल्फी के साथ साल की अच्छी शुरुआत करें, लेकिन ऐसा हो न सका। सेल्फी के पहले दिन की कलेक्शन रिपोर्ट सामने आ चुकी है, तो चलिए देखते हैं कि भी हो सकता है कि ये मलयालम फिल्?म 'ड्राइविंग लाइसेंस' की हिंदी रीमेक है। रिलीज के बाद भी दर्शकों में इसे लेकर मायूसी ही नजर आई। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने खाली पड़े सिनेमाहॉली की तस्वीरें शेयर कीं। शो की मॉर्निंग ऑक्यूपेंसी सिर्फ 6 प्रतिशत की रही। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी कुछ खास अच्छे ट्रेंड्स नहीं शो कर रही थी। ऑफिस पर निराश ही किया है। सूर्यवंशी के बाद से ही अक्षय कुमार ने एक भी ढंग की फिल्म नहीं दी है। बजट की बात करें तो फिल्म 100 करोड़ से ऊपर की लागत में तैयार हुई है ऐसे में पहले दिन सिर्फ 3 करोड़ कमाना इसे फ्लॉप होने की तरफ तेजी से लेकर जा रहा है। अक्षय कुमार की यह लगातार पांचवीं फिल्म है, जो फ्लॉप साबित हुई। पिछले 13 साल में अक्षय की किसी भी फिल्म की यह सबसे कम ओपनिंग है। अक्षय कुमार की बुरी तरह से फ्लॉप फिल्म एक्शन रिप्ले को भी 2.75 की ओपनिंग मिली थी।

# विवेक ओबेरॉय का 'माशूक' सॉन्ग जल्द होने वाला है रिलीज, इस डायरेक्टर की बेटी संग करेंगे रोमांस


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय फिल्म इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से हैं, जिनके करियर में काफी उतार-चढ़ाव रहे हैं। विवेक ने अपने फिल्म करियर में कई तरह के रोल पर्दे पर जिए हैं। वहीं, अब एक बार फिर से विवेक अपने आने वाले प्रोजेक्ट फिल्म के टाइटल 'माशूक' के नीचे लिखा है कि ये गाना जल्द ही रिलीज होने वाला है। अध्ययन ने इस पोस्टर को शेयर करते हुए सभी को धन्यवाद कहा है और बताया है कि गाना उनके दिल के काफी करीब है। बता दें कि विवेक ओबेरॉय के साथ 'माशूक' गाने में एक्ट्रेस श्वेता




को लेकर चर्चा में आ गए हैं। विवेक ओबेरॉय का एक नया गाना जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। इस गाने का टाइटल 'माशूक' है। माशूक' गाने को बॉलीवुड के एक्टर शेखर सुमन के बेटे एक्टर अध्ययन सुमन ने डायरेक्ट किया है। बतौर डायरेक्टर अध्ययन ने 'माशूक' के जरिए अपने करियर की शुरुआत की है। इस बात की जानकारी खुद अध्ययन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी है। उन्होंने 'माशूक' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर पर विवेक ओबेरॉय नजर आ रहे हैं। साथ ही इंद्र कुमार भी नजर आएंगी। श्वेता बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर इंद्र कुमार की बेटी हैं। 'माशूक' गाने को फेमस सिंगर मोहित चौहान ने गाया है। ये एक रोमांटिक गाना है, जिसमें श्वेता, विवेक संग रोमांस करती नजर आएंगीं। श्वेता इंद्र कुमार की बात करें तो वो एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वो अपनी लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियोज के साथ अपने रील्स भी फैंस के साथ शेयर करती हैं। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी खूबसूरत तस्वीरों से भरा हुआ है।

# 'कच्चा बादाम' फेम अंजलि अरोड़ा ने लाल घाघरा पहन लगाए ऐसे ठुमके, देखने वालों की फटी रह गईं आंखें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कच्चा बादाम' फेम अंजलि अरोड़ा हमेशा ही सुर्खियों में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के तौर पर अंजलि ने अपनी एक खास पहचान बनाई हैं, लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी कंगना रनोट के शो 'लॉक अप' से मिली। शो के बाद अंजलि काफी चर्चा में आ गईं और उन्हें कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर भी मिले। अंजलि अरोड़ा एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपने हॉट एंड बोल्ड तस्वीरों और वीडियो से फैंस के होश उड़ाती हैं। इसी बीच अब अंजलि का एक डांस वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को लेकर एक बार फिर से वो चर्चा में आ गई हैं। अंजलि अरोड़ा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह लाल रंग का घाघरा चोली पहनकर ठुमके लगाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अंजलि हनी सिंह के नए सॉन्ग ट्रैक 'कुड़ी चमकीली...' पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके बाल ओपन हैं और अंजलि के एक्सप्रेशन्स देखने लायक हैं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं, इस पर कमेंट कर यूजर्स उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं। अब तक इस वीडियो को काफी बार देखा जा चुका है। बता दें कि हाल ही में अंजलि अरोड़ा ने अपने डांस वीडियो से हर किसी को हैरान किया है। अंजलि ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में अंजलि अंग्रेजी के ट्रेंडिंग सॉन्ग 'पिपल' पर जबरदस्त कमर मटकाती नजर आईं थीं। अंजलि का डांस उनके फैंस को फैंस काफी पसंद आया था।





# वीकेंड पर भी नहीं चली कार्तिक की 'शहजादा', संडे को कमाए सिर्फ इतने रुपये

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन को शाह रुख खान के बाद रोमांस का किंग कहा जाने लगा है। भूल भुलैया 2 हिट क्या हुई, कार्तिक के सितारे वाली शहजादा को तीन दिन बाद भी सिनेमाघरों से कोई खास अच्छी खबर नहीं मिली है।देसी बॉयज और ढिशूम जैसी फिल्में बना चुके रोहित धवन से एक मास एंटरटेनर की उम्मीद की




बुलंदियों पर पहुंच गए। अब लगता है कि 'शहजादा' उनके लिए बुरा सपना बनने वाली है। तीन दिनों में ये फिल्म, अपने बजट के सामने मुट्ठी भर ही कमाई कर पाई है। पहले वीकेंड पर मिली इस निराशा के बाद अब सोमवार को शहजादा कैसा प्रदर्शन करेगी ये देखना दिलचस्प होगा। कार्तिक आर्यन की शहजादा ने किया निराश इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है कार्तिक आर्यन की शहजादा, इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं क्योंकि जिस तेलुगु फिल्म का ये हिंदी रीमेक है वो 'अला वैकुण्ठपुरामुलू', बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। तमाम कोशिशों के बाद भी कार्तिक की फिल्म को रफ्तार नहीं मिल पाई और संडे को भी दर्शकों के बीच इसे लेकर रिस्पॉन्स ठंडा ही रहा। पहले दिन 6 करोड़ से खाता खोलने जी रही थी, लेकिन उन्होंने भी निराश ही किया। शनिवार को शहजादा ने बॉक्स ऑफिस पर मात्र 6.65 करोड़ ही कमाए। इन दोनों दिनों को मिला कर भी इसकी कमाई भूल भुलैया 2 के ओपनिंग कलेक्शन से आगे नहीं निकल पाई। असली मायूसी तो संडे को हुई जब फिल्म ने कुछ ग्रोथ तो दिखाई, लेकिन ये सिर्फ 7.50 करोड़ तक ही पहुंच पाई। शहजादा ने तीन दिनों में 19.95 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। जबकि कार्तिक की ही भूल भुलैया 2 ने तीन दिनों में 55.96 करोड़ का कलेक्शन किया था। इन्हें कड़ी टक्कर मिल रही है हॉलीवुड की फिल्म एंट मैन 3 और शाह रुख खान की पठान से। इस फिल्म से कार्तिक ने बतौर प्रोड्यूसर भी डेब्यू किया है, ऐसे में ये जो भी नुकसान है उनके खाते में भी जाएगा।

# लारा दत्ता ने वेडिंग एनिवर्सरी पर पति महेश भूपति पर लुटाया प्यार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस लारा दत्ता और महेश भूपति की शादी को 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। अब लारा दत्ता ने रविवार को अपने पति को मजेदार वर्षगांठ की शुभकामनाएं पतिदेव।' वीडियो में महेश भूपति को अपने घुटनों पर बैठकर हाथ में वेडिंग रिंग लिए देखा जा सकता है। वह हंसते हुए नजर आ रहे हैं।जैसे ही लारा दत्ता लारा दत्ता और महेश भूपति ने 2011 में शादी की थी। दोनों को 2012 में एक बेटी भी हुई। शादी के बाद लारा दत्ता ने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी हाल ही में फिल्म बेल बॉटम



अंदाज में वर्षगांठ की बधाई दी है। गौरतलब है कि लारा दत्ता ने टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति से 12 वर्ष पहले शादी कर ली थी। लारा दत्ता ने महेश भूपति का एक वीडियो शेयर किया है लारा ने एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'सबसे खराब प्रपोजल अब तक का लेकिन मैं फिर भी तुमसे कभी भी वापस शादी कर सकती हूं। 12वीं ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उनका कमेंट सेक्शन कमेंट से भर गया। वहीं, कई लोगों ने दिल और हंसने वाली इमोजी भी शेयर की है। एक फैन ने लिखा है, 'शादी की वर्षगांठ शुभकामनाएं।' वहीं, एक ने लिखा है, 'सो क्यूट।' वहीं, इसपर लाखों लाइक्स भी आ चुके है। लारा दत्ता की फोटोज पर फैंस दिल खोलकर कमेंट्स कर रहे है। रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 2021 में आई थी। लारा दत्ता ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज हंड्रेड में भी नजर आई थी। यह उनका वेब सीरीज डेब्यू था। इसके बाद उन्होंने कई वेब सीरीज में काम किया। इनमें ही हिकअप्स एंड हुकअप्स और कौन बनेगी शिखरवती भी शामिल है।

# विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने रोहित शर्मा की शादी में किया था धमाकेदार डांस





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेटर विराट कोहली और सोनाक्षी सिन्हा का एक पुराना डांस वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों ने क्रिकेटर रोहित शर्मा की शादी में साड़ी का फॉल सा गाने पर शानदार डांस किया था। अब दोनों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एक फैन पेज ने शेयर किया है। इसमें दोनों मजेदार अंदाज में डांस करते हुए देखे जा सकते हैं। विराट कोहली जहां एक और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने के लिए जाने जाते हैं, वहीं, उनका डांसिंग स्किल्स अब फैंस को देखने मिला है। रोहित शर्मा ने दिसंबर 2015 में शादी की थी। अब उस समय का यह वीडियो वायरल हो रहा है। विराट कोहली और सोनाक्षी सिन्हा के फैंस वीडियो को बार-बार देख रहे हैं। बहुत कम लोगों को पता है कि विराट कोहली डांसिंग के अलावा सिंगिंग भी करते हैं। उन्होंने अपनी शादी की रिसेप्शन पार्टी में 2017 में एक शानदार गाना भी गाया था। विराट कोहली को पंजाबी गाने काफी पसंद है। वह गुरदास मान के काफी बड़े फैंस है। गुरदास मान ने उनकी शादी में परफॉर्म किया था। विराट कोहली कई बार मैदान पर भांगड़ा करते नजर आते हैं। विराट कोहली इन दिनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैचों में भारत की ओर से खेल रहे हैं। इन दिनों वह फॉर्म में नहीं है। इसके चलते फैंस एक्स्पेक्ट कर रहे हैं कि वह आगामी इनिंग में अच्छी बैटिंग करेंगे। चार मैचों की टेस्ट मैच सीरीज में भारत 2-0 से लीड कर रहा है। सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म अभिनेता शाहिद कपूर के साथ साड़ी का फॉल सा गाने पर डांस किया था। इसपर दोनों ने शानदार डांस किया था। उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है। इसपर फैंस भी दिल खोलकर कमेंट्स कर रहे है।

# प्रियंका चाहर चौधरी को ऑफर हुई है शाह रुख खान की डंकी बिग बॉस 16 कंटेस्टेंट ने बताया क्या है सच्चाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 के बाद से ही प्रियंका चाहर चौधरी पॉपुलैरिटी के आसमान पर है। उन्हें टीवी सीरियल उड़ारियां से बवाल मच गया है। और तभी से चर्चा थी कि प्रियंका को राजकुमार हिरानी की निर्देशित शाह रुख खान और तापसी पन्नू स्टारर डंकी में एक रोल ऑफर





लोग जानते थे लेकिन सलमान खान की हर वीकेंड मिलने वाली डांट ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। बीबी 16 की ट्रॉफी भले ही प्रियंका को ना मिली हो लेकिन उनके खाते में टीवी और बॉलीवुड के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स आने की खबरें आम हैं। प्रियंका के बिग बॉस से निकले से पहले ही खबर आई कि उन्हें शाह रुख खान की डंकी ऑफर हुई है। एक्ट्रेस ने अब इसपर अपना रिएक्शन दिया है। जब से सलमान खान ने घोषणा की कि उनके पास प्रियंका चाहर चौधरी के लिए कुछ बाहर है तब से एंटरटेनमेंट न्यूज़ में हुआ है। जब फिनाले की रात वो बीबी हाउस से बाहर आईं तो प्रियंका से उसी के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने कहा कि इसके बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं है। हाल ही में, प्रियंका ने फिर से डंकी की पेशकश की खबरों को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। टेली चक्कर के साथ बातचीत के दौरान, प्रियंका ने खुलासा किया कि यह उनके लिए भी चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा किया कि उन्हें मेकर्स की तरफ से अभी किसी भी तरफ का ऑफर नहीं आया है। हालांकि, प्रियंका ने कहा कि वो सच में चाहती हैं कि ऐसा हो। एक्ट्रेस आगे कहती हैं, 'मैं इस पर कुछ कन्फर्मेशन का इंतजार कर रही हूं।' प्रियंका ने हाल ही में कंफर्म किया कि उनके अंकित के फैंस उन्हें जल्द ही एक साथ देख सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रियंका और अंकित एक म्यूजिक वीडियो में साथ नजर आएंगे। प्रियांकित को एक बार फिर साथ देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, जब सलमान ने कहा कि उनके पास उनके लिए कुछ है, तो हो सकता है कि उनकी अगली फिल्म में उनकी कोई रोल हो। अब हकीकत क्या है ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# रोहित शेट्टी के सामने निकलेगी इस बिग बॉस फाइनलिस्ट की चीखें, पहला खिलाड़ी हुआ कंफर्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी अपना स्टंट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी का 13वां सीजन लेकर जल्द ही आने आएगा। वो कोई और नहीं, बल्कि बिग बॉस में अर्चना के कट्टर दुश्मन रह चुके शिव ठाकरे हैं बिग बॉस 16 में भले ही शिव ठाकरे को ट्रॉफी मिलते-



वाले हैं। खबर है कि इस बार उनके शो में बिग बॉस 16 के भी कुछ कंटेस्टेंट नजर आएंगे। अर्चना गौतम ने तो पहले ही इसके लिए हां बोल दिया है। एक और कंटेस्टेंट हैं जो खतरनाक स्टंट करता नजर मिलते रह गई हो, लेकिन घर से बाहर आने के बाद उनकी फैन फॉलोइंग में गजब का इजाफा हुआ है। वो जहां भी जाते हैं लोग उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। शिव को लेकर खबर आई है कि वो जल्द ही कंगना रनोट के शो लॉक अप के सीजन 2 में नजर आने वाले हैं। अब इसे लेकर इन्होंने खुद बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में शिव ठाकरे ने अपने इंस्टाग्राम पेज से पहला लाइव किया। इस दौरान उन्होंने अपने फैंस के सारे सवालों का जवाब दिए और साथ ही खुलासा किया कि उनके हाथ कौन से बड़े प्रोजेक्ट्स आने वाले हैं। एक फैन ने जब पूछा कि आप अब हमें कहां दिखाई देंगे। तो शिव ने साफ कहा कि मैं जल्द ही रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 13 में नजर आने वाला हूं। उन्हें इशारों में बताया कि उनके हाथ एक फिल्म भी लगी है और कुछ म्यूजिक वीडियो भी उनके पास आए हैं। बिग बॉस 16 में भी कई बार शिव ने खतरों का खिलाड़ी की इच्छा जाहिर की थी और रोहित शेट्टी जब घर में ऑडिशन लेने आए थे तो उनका प्रदर्शन भी अच्छा ही रहा था। शो में शिव के अलावा भी 5 नाम और सामने आए हैं। इसके अलावा शिव और निमृत एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो आने की भी चर्चे तेज है।

# अंकुश राजा का होली गीत 'रंग लेके चढ़ी जनी सेज प' रिलीज, आस्था सिंह ने ठुमको ने मचाया बवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** होली के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में होली के गाने एक के बाद रिलीज होते ही तेजी से वायरल हो रहा है। अंकुश राजा का यह गाना ऑडियंस और उनके फैंस द्वारा खूब देखा जा रहा है। आपको बता दें कि



एक रिलीज हो रहे हैं। वो कहते हैं ना भोजपुरी गीतों के बिना होली का रंग काफी फीका सा लगता है। भोजपुरी गाने होली के रंग को और गहरा कर देते हैं। ऐसे में भला भोजपुरी सुपर स्टार अंकुश राजा पीछे कैसे रहते। अंकुश राजा अपना नया होली गीत लेकर आए हैं, जिसका टाइटल 'रंग लेके चढ़ी जनी सेज प' है। ये गाना हाल हें रिलीज हुआ है। ये गाना अंकुश राजा ने गीत 'रंग लेके चढ़ी जनी सेज प' को प्रियंका सिंह के साथ मिलकर गाया है, जो खुद एक भोजपुरी की म्यूजिक सनसनी हैं। अंकुश राजा और प्रियंका ने मिलकर इस गाने में भी खूब धमाल मचाया है। इस गाने होली की फुहार को अंकुश राजा ने नजाकत के साथ पेश किया है, जिसे सुनकर कोई भी होली के गुलाल वाले संगीत में रम जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।